• जयपुर, बुधवार 25 फरवरी 26 • वर्ष 15 • अंक 176 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

“सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।”

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ख्वाजा साहब की दरगाह का नाम...
पेज @4 कायड़ विश्रामस्थली में प्रधानमंत्री की प्रस्तावित जनसभा...
पेज @8 बायतु कृषि महाविद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं नशा मुक्ति कार्यशाला...

# रांची प्लेन क्रैशः एयर एम्बुलेंस में सवार सभी 7 लोगों की मौत

रांची/एजंसी

झारखंड के आसमान में शाम सात बजे से मंडरा रहा सस्पेंस एक खौफनाक हकीकत में बदल गया है. रांची के बिरसा मुंडा एयरपो र्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली चार्टर एयर एम्बुलेंस चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कथीयातु के जंगलों में क्रैश हो गई है. इसमें पायलट- क्रू मेंबर समेत 7 लोग सवार थे.

चार्टर एंबुलेंस हादसे में मारे गए डॉ. विकास गुप्ता मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे. वर्तमान में रांची के कचहरी में अपनी पत्नी और 8 साल के बेटे के साथ रहते थे. डॉ.विकास की पत्नी एसबीआई कचहरी में ब्रांच में कार्यरत है. यहां जानना बेहद जरूरी है कि डॉ.विकास गुप्ता क्रिटिकल केयर एनेस्थेसिया की डॉक्टर थे. रांची के ज्यूडिशियरी समेत तमाम क्षेत्रों के गणमान्य हस्तियों से उनके बेहद करीबी संबंध थे. विमान हादसे में उनकी मौत से उनके करीबियों में शोक का माहौल है.

DGCA ने की आधिकारिक पुष्टि, खराब मौसम के कारण रास्ता बदलने की मांगी थी अनुमति

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने चतरा जिले के कसारी पंचायत में हुए विमान हादसे पर आधिकारिक बयान जारी कर दिया है. रिपोर्ट के अनुसार, रेडबर्ड एयरवेज का बीचक्राफ्ट उ90 (शळ-अखश) विमान जो रांची से दिल्ली के लिए एयर एम्बुलेंस मिशन पर था. सोमवार रात दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान ने रांची से शाम 7:11 बजे उड़ान भरी थी. सफर के दौरान 7:34 बजे पायलट ने कोलकाता एटीसी से संपर्क कर खराब मौसम के चलते रास्ता बदलने (ऊींशइ्रश्ल) की अनुमति मांगी थी. इसके तुरंत बाद वाराणसी से 100 नॉटिकल मील दूर विमान का रडार संपर्क टूट गया. विमान में दो पायलट और पांच यात्रियों सहित कुल 7 लोग सवार थे. ऊॠउअ ने बताया कि जिला प्रशासन की रेस्क्यू टीम मौके पर तैनात है. हादसे की उच्चस्तरीय जांच के लिए अअक्ष (एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो) की टीम को दिल्ली से रवाना कर दिया गया है.



## क्या जवाबदेही तय होगी? प्रियंका चतुर्वेदी

चतरा में हुए भयावह विमान हादसे पर शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्र सरकार और DGCA को कटघरे में खड़ा किया है. उन्होंने तीखा सवाल पूछते हुए कहा कि आखिर इस हादसे का जवाबदेह कौन है? क्या नागरिक उड्डयन मंत्रालय में जिम्मेदारी तय होगी या फिर हर बार की तरह मामला इंटरिम रिपोर्ट के इंतजार में ठंडा पड़ जाएगा? चतुर्वेदी ने चिंता जताई कि सुरक्षा मानकों में चूक और बार-बार होते हादसों के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होती. उन्होंने मांग की कि इस त्रासदी को रूटीन मामला न मानकर जवाबदेही सुनिश्चित की जाए.



## न्यूज़ अपडेट

### कबीरधाम में 5 करोड़ का गांजा जब्त, कंटेनर सहित एक तस्कर गिरफ्तार

**कबीरधाम/एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 5 करोड़ रुपये मूल्य का गांजा जब्त किया है। यह कार्रवाई चिल्फी थाना पुलिस द्वारा की गई, जिसमें नागालैंड नंबर के एक कंटेनर को पकड़ा गया। पुलिस को जांच के दौरान कंटेनर में छिपाकर रखी गई गांजे की बड़ी खेप मिली। वाहन से 30-30 किलो की 30 बोरियों में भरा लगभग 9 क्विंटल (करीब 900 किलो) गांजा बरामद किया गया। जब्त किए गए कंटेनर की कीमत भी लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है। मौके से पुलिस ने आरोपी आयाज खान, निवासी भरतपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि वह यह गांजा ओडिशा से राजस्थान ले जा रहा था।

पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

### हम न डरेंगे और न ही रुकेंगे, उदय भानु चिब की गिरफ्तारी पर जयराम रमेश का बयान

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली पुलिस द्वारा इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि इस गिरफ्तारी से हम डरने वाले नहीं हैं। हम न डरेंगे और न ही रुकेंगे। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब और कार्यकर्ताओं की खुलेआम अवैध गिरफ्तारी की, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कड़े शब्दों में निंदा करती है। साफ तौर पर यह एक शांतिपूर्ण और वैध विरोध प्रदर्शन था। केंद्र सरकार को किसानों के बढ़ते आक्रोश का भी सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उन्होंने उनके साथ विश्वासघात किया है और ट्रेड डील के मुद्दे पर आत्मसमर्पण कर दिया है। रमेश ने कहा कि यह सब परेशान करने की राजनीति के अलावा कुछ नहीं है। इसे देश की जनता पहचान चुकी है। जो डरते हैं, वे डराने की कोशिश करते हैं। कांग्रेस न तो डरेगी और न ही रुकेगी। वह इस सरकार द्वारा फैलाए जा रहे खुलेआम झूठ को बेनकाब करती रहेगी। इस 'मर्डर ऑफ डेमोक्रेसी इन इंडिया' के खिलाफ कांग्रेस बिना डरे, दृढ़ता से लड़ती रहेगी।

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध हमारी ऐतिहासिक धरोहर और हर भारतीय का लोकतांत्रिक अधिकार है। युवा कांग्रेस के साथियों ने सत्ता के खिलाफ निडर होकर देशहित में आवाज उठाई है। अमेरिका के साथ हुए व्यापारिक समझौते में हमारे किसानों, टेक्सटाइल उद्योग और डेटा सुरक्षा के हितों से समझौता किया गया है। जब भाजपा विपक्ष में थी, तब कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के दौरान उन्होंने भी प्रदर्शन किए थे, पर आज वही सत्ता सच को दबाने के लिए तानाशाही और कायरता का परिचय दे रही है। इंडियन यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब और अन्य साथियों की गिरफ्तारी इसका प्रमाण है।

## उदय भानु चिब की गिरफ्तारी तानाशाही प्रवृत्ति और कायरता का प्रमाण है : राहुल गांधी


नई दिल्ली/एजेंसी।



भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए 'शर्टलेस प्रोटेस्ट' के सिलसिले में दिल्ली पुलिस ने इंडियन यूथ कांग्रेस (युवा कांग्रेस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को गिरफ्तार कर लिया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस गिरफ्तारी का विरोध किया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि उदय भानु चिब की गिरफ्तारी तानाशाही प्रवृत्ति और कायरता का प्रमाण है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लिखा कि शांतिपूर्ण विरोध हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। यह हमारे खून में है और हर भारतीय का लोकतांत्रिक अधिकार है। मुझे युवा कांग्रेस के अपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व है, जिन्होंने निडर होकर देश के हित में आवाज़ उठाई है। अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील में देश के हितों से समझौता किया गया है। यह समझौता हमारे किसानों और टेक्सटाइल उद्योग को नुकसान पहुंचाएगा तथा हमारे डेटा को अमेरिका के हाथों में सौंप देगा।

उन्होंने आगे कहा, इस सच्चाई को देश के सामने रखने के लिए युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब और इंडियन यूथ कांग्रेस के अन्य साथियों की गिरफ्तारी तानाशाही प्रवृत्ति और कायरता का प्रमाण है। कांग्रेस पार्टी और मैं अपने बब्बर शेर साथियों के साथ मज़बूती से खड़े हैं। सत्ता को सच का आईना दिखाना अपराध नहीं, देशभक्ति है। डरो मत-सच और संविधान हमारे साथ हैं।

## घर में आग लगने से एक परिवार के 5 बच्चे और 1 महिला की मौत



मेरठ/एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के मेरठ में बड़ा हादसा हो गया। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के इस्लामाबाद गली नंबर-3 स्थित कपड़ों के व्यापारी इकबाल के मकान में अचानक भीषण आग लगने से 5 बच्चों और 1 महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई। एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसपी और डीएम मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने के बाद शवों को बाहर निकाला गया। हादसे के वक्त घर के पुरुष नमाज पढ़ने मस्जिद गए थे। मोहम्मद फारुख ने बताया, वह नमाज पढ़ने गए थे, तभी पड़ोसी से घर में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे तो पता चला कि परिवार को अस्पताल लाया गया है। यहां पहुंचकर पता चला कि मेरी बेटी की मौत हो गई है। इसके अलावा भाई की पत्नी रुखसार, भतीजा अकदस और दो जुड़वा बेटियों अनामिका-इनाया की मौत हो गई। एसएसपी अविनाश पांडे ने बताया, सोमवार शाम करीब 8:49 बजे लिसाड़ी गेट इलाके में हमें हाजी इकबाल के घर में आग लगने की सूचना मिली।

## कांग्रेस की हर गतिविधि हमारे लिए आशीर्वादः हिमंत बिस्वा

**गुवाहाटी/एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को पूर्व असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) अध्यक्ष भूपेन बोरा के खिलाफ कांग्रेस द्वारा निकाली गई श्मशान यात्रा पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे राजनीतिक रूप से अपरिपक्वऔर उल्टा असर डालने वाला कदम बताया। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि कांग्रेस जो भी कदम उठाती है, उसका फायदा अंततः भाजपा को ही मिलता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, जब भी कांग्रेस कुछ करती है, वह हमारे लिए आशीर्वाद साबित होता है। इस तरह के प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन पार्टी की ताकत नहीं, बल्कि उसकी हताशा को दिखाते हैं। सरमा ने भूपेन बोरा के कांग्रेस छोडऩे के संदर्भ में अपना उदाहरण देते हुए कहा कि जब उन्होंने वर्षों पहले कांग्रेस छोड़ी थी, तब पार्टी कार्यालय एपीसीसी के मुख्यालय 'राजीव भवन' को साफ किया गया था।

## कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी 26 फरवरी को आएंगे भारत

नई दिल्ली/एजेंसी।



वैश्विक स्तर पर बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और आर्थिक अनिश्चितता के बीच कनाडा की नई सरकार अपने अंतरराष्ट्रीय रिश्तों को मजबूत और संतुलित बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इसी रणनीति के तहत प्रधानमंत्री मार्क कार्नी 26 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान की आधिकारिक यात्रा पर होंगे। इस दौरे का पहला और अहम पड़ाव भारत होगा, जिसे कनाडा अपने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के प्रमुख साझेदारों में गिनता है। प्रधानमंत्री कार्नी के कार्यालय ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। इस रिलीज के अनुसार, कार्नी पहले मुंबई और फिर नई दिल्ली पहुंचेंगे, जहां उनकी मुलाकात भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से निर्धारित है। बैठक का मुख्य फोकस कनाडा-भारत संबंधों को नए सिरे से मजबूती देना और व्यापारिक सहयोग को विस्तार देना होगा।

# मथुरा के इस गांव में सदियों से होलिका दहन की अनोखी परंपरा, जलती आग पर चलते हैं पुजारी

मथुरा/एज्जेंसी

रंगों के पर्व होली की शुरुआत ब्रज क्षेत्र में फुलेरा दूज के साथ हो चुकी है। फूलों की होली, लठमार या लड्डू की होली, सभी मन मोहते हैं। वहीं, कृष्ण नगरी मथुरा के फालैन गांव में अनोखी परंपरा देखने को मिलती है, जहां के निवासी सदियों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन भक्ति और विश्वास के साथ करते हैं।

मथुरा जिले के फालैन गांव में सदियों पुरानी होलिका दहन की परंपरा आज भी जीवंत है, जो भक्त प्रल्हाद की आस्था और अग्नि परीक्षा की याद दिलाती है। यह गांव 'प्रल्हाद की नगरी' के नाम से जाना जाता है और यहां होलिका दहन केवल अच्छाई की जीत का प्रतीक नहीं, बल्कि अटूट विश्वास, तपस्या और साहस का उदाहरण है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के अनुसार, फालैन गांव का होलिका दहन आस्था का अद्भुत उत्सव है। होलिका दहन से लगभग 45 दिन पहले गांव का पुजारी कठोर व्रत, तप, ब्रह्मचर्य पालन, भूमि-शयन और विशेष अनुष्ठान शुरू करता है। प्रल्हाद मंदिर में रहकर वह दिन में एक बार भोजन करता है और सात्विक जीवन जीता है।



इसके बाद होलिका दहन की रात,प्रल्हाद कुंड में स्नान और पूजा के बाद विशाल होलिका प्रज्वलित की जाती है। जब आग प्रचंड रूप ले लेती है और अंगारे दहकने लगते हैं, तब पुजारी नंगे पैर, निडर होकर जलती हुई होलिका के बीच से गुजरता है या दौड़ लगाता है। यह दृशय श्रद्धालुओं के लिए बेहद खास होता है। यह परंपरा सतयुग से चली आ रही मानी जाती है, जो भगवान विष्णु के भक्त प्रल्हाद की कहानी से जुड़ी है। होलिका, प्रल्हाद को गोद में लेकर आग में बैठी, लेकिन प्रल्हाद की आस्था से वह खुद जल गई और प्रल्हाद सुरक्षित रहे। फालैन में पुजारी इसी घटना का जीवंत रूप निभाते हैं। ग्रामीणों का दावा है कि सदियों से यह परंपरा चली आ रही है और कोई भी पुजारी कभी घायल नहीं हुआ।

### आरक्षण, लिव-इन और यूसीसी पर रखी बेबाक राय

## अब कटने-बंटने के दिन गए', आरएसएस चीफ मोहन भागवत का बड़ा बयान

देहरादून/एज्जेंसी।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने देश के बंटवारे, आरक्षण, समान नागरिक संहिता और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे ज्वलंत मुद्दों पर बेबाक राय रखी है। देहरादून के हिमालयन कल्चरल सेंटर में 'संघ यात्रा-नये क्षितिज, नये आयाम' विषय पर आयोजित एक प्रमुख जन गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में अब कटने और बंटने के दिन पूरी तरह से जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 के विभाजन जैसी त्रासदी को अब दोबारा किसी भी परिस्थिति में दोहराने नहीं दिया जाएगा, क्योंकि आज समाज और राष्ट्र दोनों पूरी तरह से जागृत हो चुके हैं और पूरी दुनिया भारत को नेतृत्व की भूमिका में देख रही है। समाज में समानता और आरक्षण के मुद्दे पर बोलते हुए आरएसएस प्रमुख ने साफ किया कि देश में आरक्षण बराबरी लाने के लिए ही लागू किया गया था। उनका स्पष्ट मानना है कि जब तक लोगों के मन और व्यवहार में सामाजिक विषमता या भेदभाव बना रहेगा, तब तक समाज में अदृशय छुआछूत चलती रहेगी। इसलिए, जब तक समाज के मन से यह भेदभाव पूरी तरह खत्म नहीं हो जाता, तब तक आरक्षण व्यवस्था को जारी रहना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हजारों साल पुरानी इस समस्या का स्थायी समाधान केवल नियम-कानूनों से नहीं, बल्कि सच्चे सामाजिक सद्भाव से ही निकलेगा। उन्होंने समाज से आ''ान किया कि वर्गीकरण में बंटने के बजाय सभी एकजुट होकर रहें। जनसंख्या नियंत्रण और समान अधिकारों की वकालत करते हुए डॉ. भागवत ने जनसंख्या कानून की जरूरत पर बल दिया और तीन बच्चों की बात का समर्थन किया। उन्होंने उत्तराखंड सरकार द्वारा लागू की गई समान नागरिक संहिता की पहल की जमकर सराहना की और इसे समाज को एकजुट करने वाला बेहतरीन कदम बताते हुए पूरे देश में लागू किए जाने का समर्थन किया।

संपादकीय

# सांप्रदायिक भावनाओं के कारण तनाव

राजनेताओं को स्वार्थ से उठ कर समस्या पर विचार करना चाहिए। समाज में सांप्रदायिक भावनाओं के कारण व्यक्तिगत रिश्ते तनाव में आ रहे हों, तब थोपी गई एकता कारगर नहीं हो सकती। जरूरत पहले सामाजिक दुराव खत्म करने की है।

पिछले महीने मणिपुर चूराचंदपुर में 31 वर्षीय मयंगलम्बम सिंह का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी, जब वे अपनी मंगेतर से मिलने गए थे। मंगेतर कुकी–जो समुदाय की थी। उस हृदय–विदारक घटनाक्रम में इकी भीड़ ने युवती को वहां से जाने दिया। उसके बाद मयंगलम्बम सिंह को मार डाला गया। हत्यारों ने दया की भीख मांगते उस व्यक्ति का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर प्रचारित किया। इस घटना से जाहिर हुआ था कि पौने तीन साल से जारी हिंसा ने मैतेई और कुकी समुदायों में किस हद तक दुराव पैदा किया है।

उस घटना के बाद मीडिया में आई रिपोर्टों से संकेत मिला है कि सांप्रदायिक नफरत का ये जहर किस हद तक फैला चुका है। असर इतना घातक है कि अब विवाहित मैतई और कुकी दंपती अपने को मुसीबत में पा रहे हैं। ऐसे कई सामने आए मामले हैं, जिनमें ऐसे दंपतियों पर तलाक लेने का दबाव उनके समुदाय के लोगों ने बनाया हैं। उनमें कई दंपतियों की कई संतानें भी हैं। कुछ मामले तो ऐसे हैं, जिनमें पति– पत्नी हिंसा भड×कने के बाद से अलग रहने को मजबूर हैं। हैरतअंगेज है कि राजनीतिक दलों को समाज में उभरी ऐसी विभाजक प्रवृत्तियों की फिक्र नहीं है। इन हालात को नजरअंदाज करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने इस महीने मणिपुर में नई सरकार बनाई। उसके बाद से राज्य में हिंसा का नया दौर आया हुआ है।

चूराचांदपुर, उखरुल और अन्य कुकी बहुल इलाकों में आगजनी, पथराव, पुलिस से झड़प आदि जैसी अनेक घटनाएं हुई हैं। कुकी–जो समुदाय के लोग अपनी बहुलता वाले इलाको को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग कर रहे हैं। यानी वे मणिपुर का हिस्सा नहीं रहना चाहते, जिसमें मैतेई बहुसंख्यक हैं। राजनेताओं को थोड़े समय के लिए स्वार्थ से उठ कर इस समस्या पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि जब समाज में सांप्रदायिक भावनाओं के कारण व्यक्तिगत रिश्ते तनाव में आ गए हों, तब ऊपर से थोपी गई राजनीतिक एकता कारगर नहीं हो सकती। अतः जरूरत पहले सामाजिक दुराव खत्म करने की है। इसे जितना नजरअंदाज किया जाएगा, स्थितियां उतनी ही विकट होती जाएंगी।

## यूट्यूब से कमाई का बुलबुला फूट रहा

● हरिशंकर व्यास

भारत में तीन दशक पहले डिजिटल क्रांति आई तो भारत कंप्यूटर और इंटरनेट का दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना। वैसे ही डेढ़ दशक पहले सोशल मीडिया की क्रांति हुई तो भारत उसका भी सबसे बड़ा बाजार बना। भारत में अभी फेसबुक, यूट्यूब, गूगल आदि के सबसे ज्यादा उपयोगकर्ता हैं। इसी तरह दो साल पहले जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की क्रांति हुई उसका भी सबसे बड़ा बाजार भारत बन गया है। भारत में ओपन एआई का इस्तेमाल करने वाले सबसे ज्यादा लोग हैं। जिस तरह से भारत आईटी क्रांति और सोशल मीडिया क्रांति का बाजार बना है उसी तरह एआई क्रांति का भी बाजार बना है। लेकिन अब इस बाजार के डायनेमिक्स बदल रहे है। अमेरिका की एआई कंपनियों ने मार्केटिंग की दिशा में अगला कदम बढ़ा दिया है। खबर है कि अब उनके एआई प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल मुफ्त नहीं होगा। पहले चरण में इसमें विज्ञापन इंट्रोड्यूस किए जा रहे हैं। एआई का कोई भी प्लेटफॉर्म खोलने पर विज्ञापन चलेगा। अगर किसी को विज्ञापन मुक्त सेवा लेनी है तो उसे सब्सक्रिप्शन लेना होगा। मार्केटिंग का यह तरीका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स द्वारा पहले से आजमाया जाने लगा है। प्रीमियम सर्विस के लिए पैसे देने होते हैं और मुफ्त सर्विस में विज्ञापन चलते हैं। इस विज्ञापन से अरबों डॉलर की कमाई होती है और वह पूरा पैसे अमेरिका जाता है। सोचें, विज्ञापन भारत के उत्पादों का होता है और उनके खरीदार भी भारत के लोग होते हैं। लेकिन उसका विज्ञापन करने वाला प्लेटफॉर्म विदेशी है। पहले विज्ञापन का प्लेटफॉर्म अखबार, पत्रिकाओं और टेलीविजन चैनलों का होता था। बाद में इसमें डिजिटल प्लेटफॉर्म्स शामिल हुए। धीरे धीरे उन्होंने बाजार पर कब्जा करना शुरू किया। सरकारों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर विज्ञापन के नए नियम बनाए। आज विज्ञापन का सबसे ज्यादा हिस्सा डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को जाता है। उसमें गूगल, यूट्यूब, फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम आदि की सबसे ज्यादा हिस्सेदारी है।

ऐसा नहीं है कि इसका लाभ सिर्फ अमेरिकी कंपनियों ने उठाया। उन्होंने भारत के सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स को कमाई का माध्यम भी उपलब्ध कराया। भारत में रील बनाना और डिजिटल कंटेंट बना कर कमाई करना एक वैकल्पिक रोजगार बना। ऐसा रोजगार, जिसमें सरकारों की कोई भूमिका नहीं थी लेकिन पिछले ही साल बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्होंने डाटा इतना सस्ता कर दिया कि लाखों लोग डिजिटल कंटेंट बना कर कमाई कर रहे हैं।

# देशी कंपनियों के सामने हार्ले डेविडसन की चुनौती



अजीत द्विवेदी

भारत और अमेरिका के बीच दोपक्षीय व्यापार वार्ता चलती रहेगी लेकिन उससे पहले अंतरिम समझौते की घोषणा हो गई है। जिस दिन घोषणा हुई यानी समझौते का फ्रेमवर्क और साझा बयान जारी हुआ उसके अगले दिन, आठ फरवरी को पता नहीं अमेरिका के अखबारों में किसी भारतीय उत्पाद का विज्ञापन छपा या नहीं, लेकिन भारत की राजधानी दिल्ली में सभी बड़े अखबारों में पहले पन्ने पर पूरे पेज पर अमेरिकी मोटरसाइकिल हार्ले डेविडसन का विज्ञापन छपा। 125 सीसी की हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल की कीमत तीन लाख रुपए से कम बताई गई।

ध्यान रहे यह कोई सामान्य मोटरसाइकिल नहीं है। यह अमेरिकी औद्योगिक उत्पादन शृंखला का प्रतीक उत्पाद है। पहली बार राष्ट्रपति रहते डोनाल्ड ट्रंप इसी बाइक पर लगने वाले सौ फीसदी से ज्यादा टैरिफ को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नाराज हुए थे। उन्होंने भारत को टैरिफ किंग कहा था। बाद में भारत सरकार ने इस पर लगने वाला शुल्क कम किया। अब खबर है कि नए समझौते के तहत इस पर जीरो टैरिफ लगेगा। भारत में मोटरसाइकिल का बाजार बहुत बड़ा है और अब देशी कंपनियों के सामने हार्ले डेविडसन की चुनौती है।

बहरहाल, अमेरिका के साथ होने वाले सौदे को लेकर बहुत सी बातें कही और लिखी जा चुकी हैं। जैसे पहले भारतीय उत्पादों पर तीन फीसदी टैरिफ लगता था अब 18 फीसदी लगेगा और भारत में अमेरिकी उत्पादों पर औसतन 15 फीसदी टैरिफ लगता था, जिसको शून्य किए जाने की खबर है। इसी तरह भारत ने रूस से तेल खरीदना कम कर दिया है और अमेरिका से खरीद बढ़ा दी है। ऐसे ही भारत अब वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू करेगा। यह तेल भारत को महंगा पड़ेगा।

फ्रेमवर्क का ड्राफ्ट सामने आने और रूस से तेल खरीद की वजह से भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ को वापस लेने के राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकारी आदेश की प्रति सामने आने के बाद कुछ नई और दिलचस्प चीजें पता चली हैं। ट्रंप के कार्यकारी आदेश में लिखा हुआ है कि अगर भारत ने फिर रूस से तेल खरीदना शुरू किया तो उसके ऊपर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जा सकता है। सोचें, किसी संप्रभु राष्ट्र के लिए क्या कोई दूसरा देश इस तरह के आदेश और धमकी जारी कर सकता है? ट्रंप ने भारत के लिए जारी किया लेकिन सब अपनी सुविधा के हिसाब से उनकी अनदेखी कर रहे हैं।

ऐसे ही फ्रेमवर्क में एक दिलचस्प बात यह है कि भारत अगले पांच साल में अमेरिका से पांच सौ अरब डॉलर के सामान खरीदेगा। यानी हर साल भारत को एक सौ अरब डॉलर के सामान खरीदने हैं। सवाल है कि भारत क्या खरीदेगा? अभी अमेरिका से भारत की औसत सालाना खरीद 40 अरब डॉलर की है। इसको दोगुने से ज्यादा बढ़ाना है। भारत अमेरिका से ऐसा क्या खरीदना शुरू करेगा कि उसका आयात दोगुने से ज्यादा बढ़ कर सौ अरब डॉलर यानी करीब नौ लाख करोड़ रुपए का हो जाएगा? यह सही है कि भारत ने तेल खरीद बढ़ा दी है। तेल व गैस की खरीद थोड़ी और बढ़ाई जा सकती है। कुछ विमान व विमानों के कल पुर्जों की खरीद बढ़ जाएगी लेकिन क्या इससे भारत का आयात दोगुना हो जाएगा? कम से कम पहले साल में तो नहीं होने वाला है।

भारत दुनिया के दूसरे देशों से सस्ती और जरुरत की चीजें छोड़ कर अमेरिका से ज्यादा और गैरजरूरी चीजों की खरीद करे तब तो बात अलग है। अन्यथा ऐसे हर साल नौ लाख करोड़ रुपए का सामान खरीदना मुश्किल होगा। अगर भारत ने समझौते की इस शर्त को पूरा नहीं किया तो क्या होगा? सबको पता है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सबसे करीबी सहयोगियों में से एक दक्षिण कोरिया के साथ क्या किया? उन्होंने दक्षिण कोरिया से समझौता किया और एक दिन अचानक कहा कि वह समझौते की शर्तों को ठीक से लागू नहीं कर रहा है इसलिए उसके ऊपर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जाता है। भारत के सामने भी यह खतरा रहेगा। ध्यान रहे अभी तक भारत और अमेरिका के बीच व्यापार में संतुलन भारत के पक्ष में था। अमेरिका से भारत अभी करीब चार लाख करोड़ रुपए का सामान खरीदता है और उसे सात लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का सामान बेचता है। दुनिया के ज्यादातर देशों के साथ अमेरिका का व्यापार संतुलन ऐसा ही था। तभी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अब तक अमेरिका सभी देशों के साथ व्यापार में घाटा उठाता रहा है, अब वे इसे बदलेंगे। यानी अब अमेरिका मुनाफा कमाएगा। भारत के साथ व्यापार में भी ऐसा ही होगा। अब व्यापार संतुलन अमेरिका के पक्ष में होगा। अगर भारत चाहता है कि ऐसा न हो तो वह अमेरिका से नौ लाख करोड़ रुपए का सामान खरीदेगा और उसे इससे ज्यादा का सामाना बेचना होगा।

सोचें, अभी भारत सात लाख करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा का सामान बेचता है अब अचानक तीन या चार लाख करोड़ रुपए का कौन सा सामान बेचने लगेगा कि व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में झुके? यह भी ध्यान रखने की जरुरत है कि यूरोपीय संघ के साथ भी भारत ने मुक्त व्यापार संधि की है। ब्रिटेन और न्यूजीलैंड के साथ भी संधि हुई है। इन देशों को भी सामान बेचना है। इसे एक अवसर माना जा सकता है। लेकिन क्या अवसर का लाभ उठाने के लिए भारत तैयार है?

सौदे में एक और दिलचस्प बात यह है कि वाणिज्य मंत्री ने उन वस्तुओं की सूची गिनाई, जिनका निर्यात भारत करेगा। उसमें सेब और एवाकाडो भी है। सोचें, भारत में अपने इस्तेमाल का एवाकाडो तंजानिया, पेरू, चिली, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों से आता है तो भारत कहां से एवाकाडो अमेरिका को निर्यात करेगा। इसी तरह भारत में सेब की अपनी जरुरत अमेरिका से लेकर न्यूजीलैंड और चीन के सेब से पूरी होती है। बहरहाल, भारत को एक तरफ अनाज, फल आदि का उत्पादन बढ़ाना होगा, उन्हें पेस्टिसाइड से मुक्त करना होगा और अमेरिकी व यूरोपीय स्टैंडर्ड का करना होगा। उसके साथ ही अपना बुनियादी ढांचा भी मजबूत करना होगा।

सरकार कह रही है कि उसने किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया है। लेकिन अभी समझौते का अंतिम मसौदा सामने आना बाकी है। सरकार ने सोयाबीन तेल पर से टैरिफ हटा दिया है, जबकि अभी तक उस पर 45 फीसदी टैरिफ लगता था। इसी तरह ड्राई डिस्टिलर्स ग्रेन को अनुमति दी गई और उस पर लगने वाले 14 फीसदी टैरिफ को जीरो किया गया है। बादाम पर 42 रुपए प्रति किलो और बादाम गिरि पर सौ रुपए किलो टैरिफ लगता था और अखरोट एक सौ फीसदी व अखरोट गिरि पर 120 फीसदी टैरिफ लगता था। उसे भी जीरो कर दिया गया है। इससे किसानों पर होने वाले असर का आकलन होना बाकी है लेकिन भारत को मिलने वाले आयात शुल्क में इससे अच्छी खासी कमी आएगी। सो, अगर भारत का निर्यात बहुत बड़ी मात्रा में नहीं बढ़ता है और आयात बढ़ता जाता है और अनेक चीजों पर आयात शुल्क कम हो जाता है तो भारत को विदेशी मुद्रा की कमी का सामना करना पड़ सकता है। बहरहाल, सौदे में कुछ तो गड़बड़ी है, जिसकी वजह से कोई खुल कर नहीं बात कर रहा है। सौदे के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्री कहते हैं कि वाणिज्य मंत्री बताएंगे और रूस से तेल खरीदने के मामले पर वाणिज्य मंत्री कहते हैं कि विदेश मंत्री जानें या तेल कंपनियां जानें। भारत में शासन की इतनी केंद्रीकृत व्यवस्था में पहली बार ऐसा विकेंद्रीकरण देखने को मिल रहा है।

## आज का राशिफल

### मेष राशि :

आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार-विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह उलझने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग टैक्सटाइल का काम कर रहे है, उन्हें आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा।

शुभ रंग- पिंक, शुभ अंक- 9

### वृष राशि :

आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। कई दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांति मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल-मेल बना रहेगा। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढने् की प्रेरणा आपको मिलेगी। आज भाई-बहन के साथ गेम्स खेलने का प्लान करेंगे बड़ों का आर्शीवाद आपके साथ बना रहेगा।

शुभ रंग- नीला, शुभ अंक- 1

### मिथुन राशि :

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। घरवालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाना आपके लिये अच्छा रहेगा। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह लेनी चाहिए। छात्रों के लिये आज का दिन ठीक रहेगा। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

शुभ रंग- लाल, शुभ अंक- 5

### कर्क राशि :

आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

शुभ रंग- पर्पल, शुभ अंक- 3

### सिंह राशि :

आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए, इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन की स्थिति में आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रिश्ते को बेहतर बनाने के लिये, उन्हें कुछ उपहार देंगे।

शुभ रंग- ग्रे, शुभ अंक- 3

### कन्या राशि :

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा से रिलेटिड शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। जो लोग मीडिया से जुड़े हुए हैं, उनके कामों की आज प्रशंसा होगी।

शुभ रंग- गोल्डन, शुभ अंक- 5

### तुला राशि :

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बिजनेस में आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढिया़ है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। अनजान व्यक्ति आपका फायदा उठा सकता है, थोड़ा सतर्क रहने की आवशयकता है।

शुभ रंग- भूरा, शुभ अंक- 9

### वृश्चिक राशि :

आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जायेगा। प्रॉपर्टी के कारोबार से आपको अच्छा ख़ासा फ़ायदा मिलने के संकेत हैं।

शुभ रंग- हरा, शुभ अंक- 1

### धनु राशि :

आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं। काम में मन लगेगा आपको परिवार से सहयोग मिलता रहेगा।

शुभ रंग- ओरेंज, शुभ अंक- 7

### मकर राशि :

आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक मामले में फैसला शांति से लेंगे तो आपका काम बन जायेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिये बनाया गया प्लान सफल होगा, व्यापार की गति पहले से तेज होगी। पहले किये गये किसी काम का बेहतर परिणाम आज आपको मिलेगा।

शुभ रंग- सिल्वर, शुभ अंक- 2

### कुंभ राशि :

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पारिवारिक माहौल अच्छा बना रहेगा। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से आपको फायदा होगा 7 रुके हुये कार्यों को पूरा करने के लिये नए सिरे से कोशिश करें। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मिलेगी।

शुभ रंग- सफेद, शुभ अंक- 5

### मीन राशि :

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढने् की कोशिश करेंगे तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से रुके हुये कार्यों को पूरा कर लेंगे। महिलायें आज घर के कार्यों को पूरा करने में सफल होंगी। आज ऑफिस में आपको कई जिम्मेदारियां दी जा सकती है, जिसे बखूबी निभाने में आप सफल होंगे। लवमेट आज मूवी देखने जायेंगे, साथ में डिनर भी करेंगे।

शुभ रंग- पीला, शुभ अंक- 4

## शब्द सामर्थ्य -326

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव–फिराव वाला, आड़ा–तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण–पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 325 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

## सू- दोकू क्र.326

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.325 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हो प्रयास : अतिरिक्त जिला कलक्टर

चमकता राजस्थान

**बूंदी।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा ने की। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने और हादसों में कमी लाने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास करने को कहा।



अतिरिक्त जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि सड़क हादसो की रोकथाम के लिए वाहन चालकों में जागरूकता लाना सबसे जरूरी है। लोग यातायात नियमों का सख्ती से पालन करते हुए वाहन चलाएं, इसके लिए प्रभावी जागरूकता अभियान चलाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले से गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य मार्गों की 'रोड सेफ्टी ऑडिट' करवाई जाए। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को 'सेमी ब्लैक स्पॉट' का मौके पर जाकर मुआयना करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन जगहों पर हादसों के कारणों का बारीकी से पता लगाया जाए और जल्द से जल्द तकनीकी व ढांचागत सुधार किए जाएं।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में काम कर रही सभी टोल एजेंसियों से हर महीने नियमानुसार सड़कों के संधारण संबंधी प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त किए जाएं, ताकि सड़कों की गुणवत्ता बनी रहे। जिले में जिन स्थानों पर स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता है, उन्हें चिह्नित कर तत्काल ब्रेकर बनाए जाएं। सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ काम करें ताकि दुर्घटनाओं का ग्राफ नीचे आ सके।

बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश गुप्ता, जिला परिवहन अधिकारी सौम्या शर्मा, शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक धनराज मीणा, एनएचएआई से गोविंद सिंह पंवार एवं रिडकोर के अश्विनी पाठक आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय प्राथमिक विद्यालय हापौलाई की डूंगरी



**चमकता राजस्थान/बूँदी।** पंचायत समिति नैनवा जिला बूंदी में भामाशाह भंवर सिंह जी बंजारा निवासी खानिका पंचायत मोड़सा द्वारा विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्र-छात्राओं को शूज व मोजे वितरित किया गया। इस अवसर पर रटउ अध्यक्ष श्री ज्ञान सिंह जी व समाज सेवी बनवारी लाल बंजारा, ओमप्रकाश, सुरेंद्र, धनपाल, दरबारी जी, मुमा जी,आदि मौजूद थे विद्यालय स्टाफ साथी श्री देवालाल जी गुर्जर तथा प्रधानाध्यापक श्री शिवराज नागर जी के द्वारा सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया गया।

### जालोर आल इंडिया टूरिस्ट परमिट बस ऑपरेटर एसोसिएशन हड़ताल का असर दिखा

**चमकता राजस्थान/कयूम खान / जालोर।** आल इंडिया टूरिस्ट परमिट बस ऑपरेटर एसोसिएशन हड़ताल का असर दिखा आज पराइवेट बसों की हड़ताल से लम्बी दूरी पर जाने वाले यात्री हो रहे है परेशान रहे ।जालोर से लम्बी दूरी की सभी सालीपर बसों का चकका जाम बस ऑपरेटर में कहां है कि सरकार हमारी मांग जब तक पूर्ण नहीं करेगी तब तक चक्का जाम नहीं खुलेगा बस मालिक कहना है कि बार-बार हो रहे हैं चालान से परेशान ।

### भील समाज व ऐलाना के ग्राम वासियों ने आज पुलिस चौकी

- **उम्मेदाबाद , थानाधिकारी पुलिस थाना बिशनगढ किया स्वागत**

**चमकता राजस्थान/कयूम खान / जालोर बिशनगढ़।** भील समाज व ऐलाना के ग्राम वासियों ने आज पुलिस चौकी उम्मेदाबाद में बिशनगढ़ थानाधिकारी स्वागत द्वारा गांव ऐलाना में हुए हल्याकांड वाले 02 प्रकरणों का पर्दाफाश किया गया। व ऐलाना के भील समाज व ऐलाना के ग्राम वासियों ने आज पुलिस चौकी उम्मेदाबाद में बिशनगढ़ थानाधिकारी मनोज कुमार सामरिया जी मय पुरी टिम का स्वागत किया गया।

### ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रोडसिंह जी परमार के नेतृत्व में मिटिंग सम्पन्न हुई



**चमकता राजस्थान/गोपाल सिलोरिया/करावन झालावाड़।** जिसमें बालमुकुंद जी खोखरिया को कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद दिया गया और शंकर सिंह राजपुरा को नगर अध्यक्ष राजपुरा बनाया गया, भगवान लाल जी मेघवाल को अनुसुचित जाति नगर अध्यक्ष पगारिया बनाया जिसमें उपस्थित एससी प्रकोष्ठ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश मेघवाल मदन सिंह मिडिया प्रभारी,श्याम सिंह गुराडिया कला एस एम सी अध्यक्ष, रामजी मेघवाल ,मदन लाल भीमनी ,एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता मोजुद रहे।

### सीडी सेमिनार सामुदायिक कार्यक्रम एक संगोष्ठी आयोजित



**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर के तत्वाधान में दिनांक 24 फरवरी 2026 को सीडी सेमिनार सामुदायिक कार्यक्रम एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें जिले के स्काउटर और गाइडर रोवर रेंजर स्काउट गाइड ने भाग लिया सी ओ गाइड दिव्या ने बताया की सीडी सेमिनार के अंतर्गत संभागियों को प्रधानमंत्री शील्ड उपराष्ट्रपति अवार्ड शील्ड की विस्तृत जानकारी दी गई बोली सचिव भुवनेश बाबू शर्मा ने स्काउट गाइड आंदोलन की विस्तार से जानकारी दी इस अवसर पर वरिष्ठ स्काउटर रामचरण पवार ने बैठक में सीडी सेमिनार की जानकारी दी सी ओ गाइड दिव्या एवं स्काउट सचिव महेश सेजवाल ने बताया कि जिला मुख्यालय पर तीन दिवसीय कब बुलबुल उत्सव एवं गोल्डन एरो अवॉर्ड का आयोजन 23 से 25 फरवरी तक किया जा रहा है । शिविर के अंतर्गत कब बुलबुल को प्रार्थना नियम विशाल गर्जना खेल बड़ी सलामी आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है शिविर में नीतू साहू रामजीलाल योगी रामचरण पवार आदि द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### नदबई में नि:शुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण एवं सहायता शिविर में दिव्यागों को किया जायेगा लाभान्वित

**चमकता राजस्थान/भरतपुर। ब्यूरो चीफ श्याम सुन्दर वर्मन।** भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, भरतपुर द्वारा दिनांक 01 मार्च रविवार को सुबह 10 से 02 बजे तक निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला, रेलवे स्टेशन के पास, नदबई में किया जा रहा है, जिसमें समिति द्वारा दिव्यागों का मौके पर ही पंजीकरण किया जाएगा। इस अवसर पर समिति द्वारा दिव्यांगों का कृत्रिम पैर, कैलीपर व अन्य उपकरण जैसे ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवणयंत्र, वैशाखी, छड़ी, वॉकर आदि के लिए मौके पर ही पंजीकरण किया जाएगा। कार्यक्रम में पंजीकृत किए गए दिव्यागों को अगले माह उपकरण उपलब्ध करा दिए जाएंगे। इस अवसर पर शिविर में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रामअवतार जिंदल कटरा नइबई के एवं मंत्री मुकेश चंद गुप्ता अलावा अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## सजगता ने बुझाया विपदा का अंधेरा

# गुड़ा रामसिंह निवासी यशपाल सिंह राठौड़ प्राध्यापक राउमावि रडावास की कर्तव्यनिष्ठा से पीड़ित परिवार को मिली 5 लाख की जीवन ज्योति

चमकता राजस्थान

**राणावास/ गोविन्द बामणिया (पाली)।** जब नियति अपना क्रूर खेल खेलती है, तब अक्सर विपदा के अंधेरे में उम्मीद की किरण कहीं खो जाती है। किंतु, यदि समाज में सेवा का संकल्प और कर्तव्यबोध जीवित हो, तो सरकारी योजनाएं केवल कागजी दस्तावेज न रहकर पीड़ित के आँसू पोंछने का संबल बन जाती हैं। मारवाड़ जंक्शन के समीपस्थ ग्राम गुड़ा रामसिंह निवासी यशपाल सिंह ने इसी सेवा-धर्म को चरितार्थ कर दिखाया है। हाल ही में एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में काल का ग्रास बने दो भाइयों के शोकाकुल परिवार के लिए यशपाल सिंह एक 'सारथी' के रूप में उभरे।

- **संवेदना के साथ सक्रिय पैरवी:**

राजस्थान सरकार की 'मुख्यमंत्री आयुष्मान



दुर्घटना बीमा योजना' के प्रावधानों को आत्मसात कर, श्री यशपाल सिंह ने न केवल पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया, बल्कि अपनी सजगता से सरकारी महकमों की दहलीज पर मजबूती से पैरवी भी की। उनके अहर्निश प्रयासों और सतत संपर्क का ही सुखद परिणाम है कि आज एक मृतक के आश्रित परिवार के बैंक खाते में 5,00,000 (पाँच लाख रुपए) की बीमा राशि सुरक्षित रूप से जमा हो गई है।

- **जागरूकता का शंखनाद:**

विदित रहे कि यशपाल सिंह लंबे समय से 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी' और 'आयुष्मान बीमा' जैसी लोक-कल्याणकारी योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागृत कर रहे हैं। 850 के प्रीमियम और खाद्य सुरक्षा (ठत्रअ) के महत्व को घर-घर पहुँचाकर उन्होंने अनगिनत परिवारों को आर्थिक सुरक्षा कवच प्रदान करने का भागीरथ प्रयास किया है।

- **मानवता का अभिनंदन:**

क्षेत्रीय नागरिकों और प्रबुद्धजनों ने यशपाल सिंह की इस निस्वार्थ सेवा और कर्मठता की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि शासन की मंशा और जन-सामान्य के बीच यशपाल सिंह जैसे सजग सेतु हों, तो 'अंत्योदय' का स्वप्न वास्तविक धरातल पर साकार होता है।

## ईटावड़ा लाडखानी विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

- **बाल विवाह रोकथाम पर दिया जोर।**



**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान के तहत एवं मेड़ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, ईटावड़ा लाडखानी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन पीएलवी जुगल सिंह सोलंकी द्वारा किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बताया गया कि बाल विवाह न केवल सामाजिक बुराई है, बल्कि यह कानूनन दंडनीय अपराध भी है। सोलंकी ने कहा कि इस कुरीति को समाप्त करना समाज के हर नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में निःशुल्क कानूनी सहायता से संबंधित जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को नालसा हेल्पलाइन 15100 के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों और मूल कर्तव्यों पर भी प्रकाश डाला गया। शिविर में पर्यावरण संरक्षण विषय को भी विशेष रूप से शामिल किया गया। विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रिछपाल चौधरी, भीयाराम टाडा, पन्नालाल, राधाकिशन प्रजापत, देवेन्द्र प्रजापत, सुमन मीना सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आवारा कुत्तों के आतंक से आम नागरिक, नगर परिषद आयुक्त और जिला कलेक्टर को सोपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान

**राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में आवारा कुत्तों के आतंक से परेशान दर्जनों लोग आज कलेक्ट्रेट पहुँचे और जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर कार्यवाही करने की मांग की ,कॉलोनी वासियों का कहना है कि हाउसिंग बोर्ड के सेक्टर नम्बर दो में वीवीएम स्कूल के नजदीक एक मकान में दो युवतियां रहती है ,जो आवरो कुत्तों को खाना खिलाती है और अपने घर के सामने 15 से 20 कुत्तों को हमेशा एकत्रित रखती है ,नजदीक ही वीवीएम एंव संस्कार स्कूल संचालित है जहाँ छोटे छोटे बच्चे पढ़ने आते है ,ऐसे में युवतियों द्वारा पाले जा रहे आवारा कुत्ते आये



दिन किसी ना किसी मोहल्ले वाले एंव स्कूल आने जाने वाले बच्चो पर हमला कर देते है ,आज सुबह भी कुत्तों ने तीन लोगों पर हमला कर घायल कर दिया ,ओर उलाहना देने पर दोनों युवतियां मौहल्ले वासियों से लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा हो गई , कालोनीवासियों का आरोप है कि दोनों युवतियां मोहल्ले में कुत्ते पालती है और जब कुत्ते किसी पर हमला कर देते है तो लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो जाती है ,युवतियों द्वारा पाले जा रहे आवारा कुत्ते आये दिन किसी ना किसी पर हमला करते रहते है ऐसे में स्कूल आने जाने वाले स्कूली बच्चो सहित कॉलोनी वासियों का रहना ओर आना जाना मुश्किल हो रहा है ,कालोनीवासियों ने कुत्ते पालने वाली दोनों युवतियों पर सख्त कार्यवाही करते हुवे पाबंद करने एंव कुत्तों को पकड़कर कॉलोनी से दूर छोड़ने की मांग की है ।

## लखीसराय में 25 फरवरी को रोजगार मेला

**लखीसराय/सौरव कुमार।** बेरोजगार लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से बिहार के लखीसराय जिला अंतर्गत चानन प्रखंड के सरस्वती मंदिर मैदान इटौंन में इस बार 10 कंपनियां रोजगार मेला में 25 फरवरी को आ रही हैं यह मेला दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत जीविका लखीसराय द्वारा आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक चलेगा जीविका के प्रबंधक अमित जी ने बताया कि मेले में सिक्युरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, डाटा ऑपरेटर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, मशीन ऑपरेटर, रिटेल स्टाफ, और फार्मा जैसे विभिन्न पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनियों द्वारा प्रशिक्षण के बाद नियोजन की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। रोजगार मेले में वर्ग आठवीं से ग्रेजुएशन तक की योग्यता रखने वाले बेरोजगार युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। जिला परियोजना प्रबंधक जीविका अनीता कुमारी जी ने जानकारी दी कि मेले में कुल 10 कंपनियों को स्टॉल उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें Tata Motors, Airtel Payments Bank, SIS Security, Utkarsh Small Finance Bank, Vision India Services Pvt Ltd, DCM Textiles, LIC जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। आयोजन समिति ने अधिक संख्या में युवक-युवतियों को समय पर पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## 1.88 करोड़ की लागत से होगा सड़कों का मरम्मत कार्य

- **पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जताया मुख्यमंत्री और सानिवि मंत्री का आभार**

**चमकता राजस्थान/संदीप कुमावत/चौमूं।** सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान द्वारा विधानसभा क्षेत्र चौमूं के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए सड़क मरम्मत के लिए 188 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। क्षेत्र के लिए 1.88 करोड़ रुपयों की स्वीकृति जारी करने पर माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री व सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया है। सानिवि द्वारा जारी आदेश के अनुसार पांच मुख्य ग्रामीण सड़कों का मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिनमें रेनवाल रोड से बावड़ी गोपीनाथ 2.60 किमी -52 लाख, रेलवे लाइन से नयाबास टांकरडा 2 किमी -40 लाख, मालेरा से चंदवाजी 1 किमी -20 लाख, मोरीजा चीथवाडी रोड से चंदवाजी रोड 1 किमी- 35 लाख, हस्तेडा-बधाल सड़क से विजयनगर 2.05 किमी - 41 लाख की स्वीकृति जारी की गई है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में सड़कों के मरम्मत के लिए 188 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। उक्त सड़कों के मरम्मत से ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिलेगी।



# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत यूथ कांग्रेस संगठनात्मक चुनावों को लेकर गतिविधियां हुई तेज

चमकता राजस्थान

**बूँदी।** बूंदी जिले की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए मुंबई से नियुक्त संभाग प्रभारी राम आश्रय चौहान विशेष रूप से पहुंचे। बैठक को संबोधित करते हुए राम आश्रय चौहान ने कहा कि यूथ कांग्रेस के चुनाव पूरी तरह लोकतांत्रिक और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत संपन्न होंगे। उन्होंने सदस्यता अभियान, ऑनलाइन पंजीयन, नामांकन प्रक्रिया तथा मतदान की विस्तृत जानकारी



कार्यकर्ताओं को उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूती मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार ब्लॉक अध्यक्ष, जिला महासचिवजिला अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर चुनाव होंगे। साथ ही संगठन में सामाजिक समावेशिता को ध्यान में रखते हुए एसटी, एससी, ओबीसी और महिला वर्ग के लिए निर्धारित श्रेणियों में भी चुनाव कराए जाएंगे। संभाग प्रभारी ने बताया कि वे कोटा संभाग के प्रत्येक जिले में जाकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और चुनाव प्रक्रिया को लेकर मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सदस्यता अभियान को घर-घर तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ें।

बैठक में जिलाध्यक्ष निशांत नुवाल ने कहा कि बूंदी में यूथ कांग्रेस चुनाव को लेकर युवाओं में उत्साह है और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएंगे। पूर्व अध्यक्ष हरीश मीणा ने चुनाव को संगठन की मजबूती का अवसर बताते हुए युवाओं से सक्रिय भागीदारी की अपील की। प्रदेश सचिव यासीन कुरैशी ने कहा कि सदस्यता अभियान को वार्ड स्तर तक प्रभावी ढंग से चलाया जाएगा चुनाव प्रक्रिया को लेकर भी अपने विचार रखे पूर्व लोकसभा महासचिव भूपेंद्र सिंह नरुका ने भी सदस्यता अभियान को लेके अपने पूर्व अनुभव साझा किए बैठक में पूर्व प्रदेश महासचिव गिरिराज मीणा, पूर्व सचिव हेमंत वर्मा , एनएसयू अध्यक्ष किशन नेखाड़ी, भोजराज गुर्जर गुड्डा, महासचिव रितिक यादव, सोनू गुर्जर राकेश वर्मा, धीरज टाक, बंटी गुर्जर चाड, किशन मीणा, जितेंद्र सिंह शक्तवात, शुभम जाट, राकेश चांदना, जय भाटी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय महाविद्यालय बनीपार्क में 'राजस्थान राज्य महिला नीति - 2021' पर व्याख्यान आयोजित



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजकीय महाविद्यालय, बनीपार्क जयपुर में राजस्थान राज्य महिला नीति - 2021 के प्रावधानों के अंतर्गत ₹ग्रामीण परिवेश को पसंद करने वाली छात्राओं के लिए गांव भविष्य के कैरियर का मंच बन सकते हैं ₹ विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महिला नीति के विभिन्न प्रावधानों तथा उनसे प्राप्त होने वाले अवसरों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी कान्ता सैनी (सहायक आचार्य ) ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के लिए शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं रोजगार के नए द्वार खोल रही हैं। उन्होंने छात्राओं को महिला नीति के माध्यम से उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान के दौरान संकाय सदस्य श्रीमती सुनीता यादव व सीताराम मेसरिया ने ग्रामीण परिवेश में उच्च शिक्षा एवं रोजगार के बढ़ते अवसरों पर प्रकाश डाला तथा छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संकाय सदस्य भूरसिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार: सहारनपुर में घटिया नाला निर्माण पर ठेकेदार ब्लैकलिस्ट, जेई भी नपे




**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** नगर निगम क्षेत्र के 62 फुटा रोड पर वेंडिंग जोन के पास हो रहे नाला निर्माण में मानकों की धज्जियां उड़ाना ठेकेदार और संबंधित अधिकारी को भारी पड़ गया है। नगरायुक्त शिपू गिरि ने निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं और गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ पाए जाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए ठेकेदार फर्म 'मै. ए.एन कन्स.' को तत्काल प्रभाव से 6 महीने के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया है और उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोंका है। मुख्य अभियंता सुरेश चंद की जांच रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ कि नाले की दीवारों और आरसीसी स्लैब की मोटाई निर्धारित मानकों (20 सेमी और 10 सेमी) से काफी कम थी, साथ ही ईंटों की शटरिंग के कारण स्लैब के कोने टूटे हुए पाए गए। निर्माण में सीमेंट की मात्रा कम होने और नाले का एलाइनमेंट सही न होने को जनता की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मानते हुए नगरायुक्त ने यह दंडात्मक कार्रवाई की है। इसके अतिरिक्त, मौके पर निगरानी में विफल रहे संबंधित अवर अभियंता के विरुद्ध भी विभागीय जांच के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे निगम के अन्य ठेकेदारों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

### सीवरेज के कारण वार्डों की स्थिति खराब, सीवरेज का पानी सड़कों पर, दुर्गंध से लोग बीमार



**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** जिला मुख्यालय सहित आसपास क्षेत्र में स्वच्छता की बात करें तो जिला मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर हाउसिंग बोर्ड के सेक्टर 2 में सड़क निर्माण के चलते कई महीनो से सीवरेज लाईन को खोद दिया गया है। जिससे सीवरेज का पानी , मलबा सड़कों पर आ रहा है। जिससे कॉलोनी में दुर्गंध से लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है। और यहां तक की मच्छर पनप रहे हैं। साथी लोग बीमार हो रहे हैं। आला अधिकारियों का अवगत कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय निवासी मनोज सेन, मुकेश शर्मा, ललित शर्मा, मोहित गुप्ता आदि ने बताया कि सीवरेज खोद दी गई है, लेकिन उसे दुरुस्त नहीं की गई जिससे बीमारियां फैल रही है। वही राजस्थान सरकार स्वच्छ भारत अभियान चला रही है वहीं मुख्यालय सहित आसपास क्षेत्र में गंदगी एवं कीचड़ देखने को मिल रहा है।

बीकानेर - मेडता रोड - डिगाना खंड में बड़ी परियोजना

# समपार फाटक संख्या 99A पर बनेगा RUB

चमकता राजस्थान

**मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी। जोधपुर।** जोधपुर मंडल के अंतर्गत बीकानेर - मेडता रोड-डिगाना रेल खंड पर स्थित एमटीडीबी यार्ड के समपार फाटक संख्या 99अ के स्थान पर रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण कार्य को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह परियोजना क्षेत्र में यातायात सुरक्षा और सुगमता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। निर्माण कार्य को सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए 25 फरवरी 2026 (बुधवार) को 12 घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार ब्लॉक सुबह 10:30 बजे से रात 10:30 बजे तक प्रभावी रहेगा।



**● क्या है परियोजना का महत्व?**

समपार फाटक संख्या 99A (किमी 0/7-0/8) लंबे समय से स्थानीय यातायात के लिए महत्वपूर्ण बिंदु रहा है। रेल एवं सड़क यातायात की बढ़ती आवृत्ति के कारण यहां अक्सर जाम की स्थिति बनती रही है।

RUB के निर्माण के बाद– सड़क यातायात बिना रेल फाटक बंद हुए निर्बाध रूप से संचालित हो सकेगा। फाटक पर प्रतीक्षा समय समाप्त होगा। दुर्घटनाओं की संभावनाओं में कमी आएगी। क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी संपर्क को मजबूती मिलेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह परियोजना भविष्य की यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

**● 12 घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक: संचालन पर असर**

निर्धारित ब्लॉक अवधि के दौरान संबंधित रेल खंड पर यातायात संचालन आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। सुरक्षा मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य करने हेतु यह ब्लॉक आवश्यक बताया गया है।

रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ब्लॉक के दौरान सभी तकनीकी एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

**● दो प्रमुख ट्रेनों के संचालन में बदलाव**

ब्लॉक के कारण निम्नलिखित ट्रेनों के संचालन में अस्थायी परिवर्तन किया गया है–

ट्रेन संख्या 19720 (सूरतगढ़ - जयपुर), यात्रा तिथि 25.02.2026, ट्रेन संख्या 12468 (जयपुर-जैसलमेर)

इन ट्रेनों का ठहराव मेड़ता रोड बी स्टेशन के स्थान पर मेड़ता रोड मुख्य स्टेशन पर किया जाएगा। साथ ही, इंजन रिवर्सल की प्रक्रिया भी एमटीडी यार्ड में संपन्न की जाएगी, जिसके कारण प्रत्येक ट्रेन के निर्धारित समय में लगभग 20 मिनट की अतिरिक्त वृद्धि होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस अतिरिक्त समय को संचालन योजना में समायोजित कर लिया गया है।

**● यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध**

रेल प्रशासन ने यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं– ऊर्जा/ईंधन की खपत समय सारिणी में निर्धारित निर्धारित सीमा के भीतर रखी जाएगी। सभी संबंधित स्टेशनों पर अग्रिम सूचना, उद्घोषणा एवं नोटिस के माध्यम से यात्रियों को जानकारी दी जाएगी। ICMS एवं NTES पोर्टल को अद्यतन कर ऑनलाइन जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# यूजीसी कानून' को सख्ती से लागू करने के लिए राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान

**करौली 23 फरवरी। ब्यूरो चीफ शयाम सुन्दर वर्मन।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग संयुक्त संघर्ष समिति, करौली ने उच्च शिक्षण संस्थानों में होने वाले भेदभाव को समाप्त करने के लिए यूजीसी (वत्र्क्ष) समता नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने की पुरजोर मांग की है। सोमवार को समिति के सदस्यों ने जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

» भेदभाव और 'संस्थागत हत्याओं' पर जताई चिंता




ज्ञापन में इस बात पर गहरा दुख जताया गया है कि देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों में आज भी जाति, धर्म, नस्ल और लिंग के आधार पर भेदभाव जारी है। समिति ने हाल के वर्षों में रोहित वेमुला, पायल तडवी और दर्शन सोलंकी जैसे छात्रों द्वारा की गई आत्महत्याओं का जिक्र करते हुए इन्हें संस्थागत हत्या करार दिया। ज्ञापन में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसारः उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव और अत्याचार के मामलों में 118% तक की वृद्धि देखी गई है। देश के 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में SC से केवल 1, ST से 1 और OBC वर्ग से मात्र 5 कुलपति हैं। निर्णायक पदों (जैसे सचिव, मुख्य सचिव) पर इन वर्गों की भागीदारी नगण्य है।

» 13 जनवरी के गजट नोटिफिकेशन का समर्थन

समिति ने 13 जनवरी 2026 को जारी यूजीसी गजट नोटिफिकेशन (समता बिल) का स्वागत किया है। संघर्ष समिति के अध्यक्ष भानूप्रताप सिंह गुर्जर ने कहा कि यह बिल भेदभाव मुक्त शैक्षणिक माहौल बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, लेकिन इसकी सफलता इसके सख्त क्रियान्वयन पर निर्भर करती है।

### खाटू श्याम जी के मेला में 30से निस्वार्थ भाव से सेवा दे रहे हैं पी डी कुमावत के नाम से मशहूर मुख्य एंकर के रुप में

**चमकता राजस्थान/अणतपुरा (मोना कुमावत)।** भगवान की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं पी डी कुमावत 30 साल से अपनी निस्वार्थ भाव सेवा दे रहे हैं एंकर के रुप में कुमावत की मधूर वाणी हर भक्त को शयाम के जयकारे से गूंज रहा है जिन से हर भक्त शयाम के जयकारे से अपने भक्त रस में डूब जाते हैं कुमावत राष्ट्रपति के द्वारा भी सम्मानित हो चुके हैं कुमावत की एंकर हर व्यक्ति सुनने की इच्छा रखते हैं कुमावत कहा कि, दुनिया में खाटूशयाम की ऐसी शक्ति है जो इस दुनिया को चला रही है, उसे हम भगवान् कहते है। हमने भगवान् को कभी नहीं देखा फ़िर भी हम सब का उनपर विश्वास हैं। संसार के कण-कण में भगवान का वास है, जो भी इंसान भगवान में सच्ची आस्था रखता है, एवं उन पर पूर्ण विश्वास रखता है, वो अपने जीवन में सफलता हासिल जरूर करता है। भगवान की भक्ति इंसान को एक अद्भुत शक्ति देने के साथ उसे एक धैर्यवान, निष्ठावान और दयालु, ईमानदार इंसान बनाती है, एवं बुरे कृत्यों को करने से रोकती है।भगवान की भक्ति करने का मतलब दिन-रात भगवान की पूजा-अर्चना करना नहीं, बल्कि उनके प्रति सच्ची श्रद्धा और आस्था रखना है। भगवान की महिमा अपरंपार है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। इसकी अनुभूति इंसान को खुद व खुद होती है।




### कौन बनेगा लोकगायक चम्पे खाँ का मददगार ?

**अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नाम रोशन करने वाला कलाकार आज जीवन-मरण से जूझ रहा**

चमकता राजस्थान

**(चिमु धतरवाल)बायतु/बाड़मेर।** कभी सुरों की दुनिया में अपनी गायकी से देश-विदेश में पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध लोकगायक चम्पे खाँ आज गुमनामी और बीमारी के अंधेरे में जीवन की जंग लड़ रहे हैं। पैरालिसिस जैसी गंभीर बीमारी ने उन्हें पिछले आठ वर्षों से जकड़ रखा है। हालात यह हैं कि अब वे न तो ठीक से बोल पा रहे हैं और न ही लंबे समय तक बैठ सकते हैं।

चम्पे खाँ के पुत्र देवे खाँ ने भावुक होते हुए बताया कि बीमारी के बाद से आज तक न तो कोई जनप्रतिनिधि हालचाल पूछने आया और न ही कला-संस्कृति से जुड़े बड़े नामों ने सुध ली। यह वही कलाकार हैं, जिन्होंने कभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी लोकगायकी से भारत की संस्कृति को पहचान दिलाई थी।

लोकगायक चम्पे खाँ ने महज आठ साल की उम्र में गायन की शुरुआत कर दी थी। उनके गाए गीत ''डोरों'', ''बिंटी'' जैसे कई लोकगीत आज भी श्रोताओं के दिलों में बसे हुए हैं। देश के साथ-साथ विदेशों में भी उन्होंने राजस्थानी लोकसंगीत का परचम लहराया, लेकिन विडंबना देखिए कि आज वही कलाकार मदद की राह देख रहा है।



देवे खाँ ने बताया कि वर्तमान में उनके पिता की स्थिति बेहद नाजुक है। इलाज, देखभाल और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए परिवार संघर्ष कर रहा है। उन्होंने नेताओं, प्रशासन, लोक कलाकारों, गायकों और भामाशाहों से मानवीय आधार पर आगे आकर सहयोग करने की अपील की है।

यह सवाल अब पूरे समाज के सामने खड़ा है– जो कलाकार जीवन भर लोगों को अपनी आवाज़ से खुश करता रहा, क्या आज उसके लिए कोई आवाज़ उठाने वाला नहीं?

सहायता व संपर्क के लिए: 8619480397

आज जरूरत है कि कला और कलाकार को सम्मान देने की बात करने वाले लोग आगे आएं और चम्पे खाँ के जीवन की इस कठिन घड़ी में उनका सहारा बनें–क्योंकि कलाकार की असली कद्र तालियों के साथ-साथ उसके बुरे वक्त में साथ देने से होती है।

### जालोर में ADM के ड्राइवर को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**चमकता राजस्थान/जालौर/कयूम खान/जालौर** में ADM के ड्राइवर को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत, ड्यूटी जाते समय मारी टक्कर, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप। जालोर में ड्यूटी पर जा रहे एडीएम के ड्राइवर गणपतसिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर घायल होने के बाद इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप। बिशनगढ़ निवासी राणसिंह ने रिपोर्ट में बताया कि उनके पिता गणपतसिंह (57) पुत्र देवी सिंह, एडीएम राजेश मेवाड़ा की गाड़ी चलाते थे। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे वह बाइक से बिशनगढ़ से जालोर ड्यूटी के लिए निकले थे। पहाड़पुरा के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल गणपतसिंह को एम्बुलेंस से जालोर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें पालनपुर रेफर किया गया। इलाज के लिए ले जाते समय सिरोही के पास उनकी मौत हो गई। शाम करीब 5 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि जालोर अस्पताल में प्राथमिक उपचार तक नहीं किया गया और सीधे रेफर कर दिया गया। उनका कहना है कि रास्ते में अधिक खून बहने से उनकी मौत हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### खेमा बाबा प्रेस क्लब की नवीन कार्यकारिणी के सम्मान में बायतु थाना में स्नेह मिलन समारोह आयोजित



**चमकता राजस्थान/चिमु धतरवाल/बायतु।** खेमा बाबा प्रेस क्लब की नवीन कार्यकारिणी के गठन के उपलक्ष्य में बायतु थाना परिसर में थानाधिकारी डॉ. मनोहर विश्नोई द्वारा स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थानाधिकारी डॉ. मनोहर विश्नोई सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम में खेमा बाबा प्रेस क्लब की ओर से अध्यक्ष अशोक धतरवाल, उपाध्यक्ष खीयाराम पालीवाल, सचिव घमण्डाराम परिहार, महासचिव मनीष शर्मा, मीडिया प्रभारी शौकत सोलंकी, संगठन मंत्री प्रकाश शर्मा सहित सदस्य चिमु धतरवाल, ओमप्रकाश गोदारा, किशनलाल शर्मा, चूनाराम चौधरी एवं अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

इस अवसर पर क्षेत्र की कानून व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था एवं आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई तथा उनके समाधान को लेकर विचार-विमर्श किया गया। थानाधिकारी डॉ. मनोहर विश्नोई ने पत्रकारों से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा जताते हुए बेहतर समन्वय से क्षेत्र में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने की बात कही।

# 7 प्रतिष्ठानों पर 20 घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक दुरूपयोग पाये जाने पर की गई कार्यवाही

चमकता राजस्थान

**जीवन्द कलां पाली।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को पाली जिले के बाली, मुण्डारा व सादडी में आकस्मिक निरीक्षण कर घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग करने पर 20 सिलेण्डर जब्त कर आवश्यक कार्यवाही की।

जिला रसद अधिकारी कमल कुमार पंवार ने बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरूपयोग, अवैध रिफिलींग इत्यादि के विरूद्ध संचालित प्रतिष्ठानों, होटलों, दुकानों, गोदामों इत्यादि के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में जिला रसद अधिकारी कमल कुमार पंवार द्वारा गठित जांच दल द्वारा पाली जिले के बाली, मुण्डारा व सादडी में मंगलवार को 7 होटल एवं रेस्टोरेन्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिनमें घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग किया जाना पाये जाने पर कुल 20 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्ती की कार्यवाही की गई।



ग्राम मुण्डारा स्थित मैसर्स हरिओम स्वीटस से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर, मैसर्स परशुराम महादेव किराणा स्टोर्स से 8 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं बाली स्थित मैसर्स जोधपुर स्वीटस एण्ड नमकीन से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर, मैसर्स माताजी स्वीटस से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर, मैसर्स पढरपुरी चाय से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर, सादडी स्थित मैसर्स ओम साई फास्ट फुड से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं मैसर्स किसान केसरी ढाबा से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किये गये। दोषियों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

जिला रसद अधिकारी कमल कुमार पंवार ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार जिले में घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरूपयोग, अवैध रिफिलींग इत्यादि के विरूद्ध संचालित प्रतिष्ठानों, होटलों, रेस्टोरेन्टों, दुकानों, गोदामों, गैस एजेंसी इत्यादि के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

इस दौरान जांच में प्रवर्तन अधिकारी जितेन्द्र सिंह आशिया एवं प्रवर्तन निरीक्षक भरत कुमार मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भुट्टू खांन ऊदाका बने कामां ब्लॉक अध्यक्ष

**चमकता राजस्थान/राकिब खान।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष सहाय यादव तथा जिला अध्यक्ष महावीर गुर्जर जी के निर्देशन में जिला कांग्रेस कमेटी (OBC विभाग) के अंतर्गत भुट्टू खान ऊदाका को कामां ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन को मजबूती देने वाला निर्णय बताया है। उनका कहना है कि भुट्टू खान लंबे समय से पार्टी की नीतियों और विचारधारा के प्रति समर्पित रहकर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष भुट्टू खान ने प्रदेश व जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने इस अवसर पर विशेष रूप से सीए मुख्तियार अहमद का धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से उन्हें यह जिम्मेदारी मिली। नियुक्ति की सूचना मिलते ही समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की है।

### आठवीं कक्षा की छात्रा की हत्या, न्याय की मांग को लेकर नाई जागृति मंच का ज्ञापन




**चमकता राजस्थान/चिमु धतरवाल/बायतु।** बीकानेर क्षेत्र के रणजीतपुरा गांव में आठवीं कक्षा में अध्ययनरत 13 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म कर उसकी निर्मम हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार 21 फरवरी को बालिका परीक्षा देने घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। बाद में उसका शव संदिग्ध अवस्था में मिला। घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। सेन समाज सहित सर्व समाज द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।

- **उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापनः**

घटना को लेकर नाई जागृति मंच राजस्थान प्रदेश, बायतु-बाड़मेर की ओर से उप-विभागीय मजिस्ट्रेट, बायतु को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

### शिकारपुरा रोड का अभी भी नहीं हुआ समाधान आखिर कब लेगा प्रशासन इसकी सुध

**चमकता राजस्थान/सत्यनारायण जांगिड़।** सभी ग्राम वासियों की तरफ से शिकारपुरा स्टैंड पर धरना दिया गया था। जिसमें सुनील शर्मा मंडल अध्यक्ष मौके पर पहुंचे। उसमें जे डी ए अधिकारी नरेंद्र जी अग्रवाल भी पहुंचे और उसमें निगम के एक दो अधिकारी भी पहुंचे साथ में हमारे श्री प्रकाश जी तिवारी भी मौके पर पहुंचे उसमें सभी ग्राम वासियों ने कहा कि हमारे गांव में नालिया व सड़क का निर्माण किया जाए। मौके पर सुनील शर्मा वह नरेंद्र जी अग्रवाल जी यह भी कहा कि आप सभी ग्राम वासियों को कितना फिट रोड चाहिए वह नालियां चाहिए तो हम सभी ग्राम वासियों ने मौके पर कहा कि हमको 40 फीट रोड चाहिए + उसमें ढाई-ढाई फीट की नालिया चाहिए। उसमें सभी ग्राम वासी राजी होकर जयकारे लगाए ओर तो ओर सहमति पत्र पर सेन करवाकर मौके पर जेसीबी वाले को बुलाकर सारे निर्माण को हटाया गया। अब हमारे एरिया में 100 से 90% निर्माण क्लियर हो चुका है अब लगभग 10% निर्माण बचा है उसको हटाने नहीं दे रहे हैं। वह बोल रहे हैं कि हम नहीं हटाने देंगे हमारे इस अधिकरण को जेडीए (JDA) द्वारा हटवाये।



नोट :- इसमें अधिग्रहण जगदीश भहरवाल, गोपी राम भहरवाल, बाबूलाल धानका व माना लाल जी जांगिड़ का निर्माण बचा है। इस अतिक्रमण को मौके पर आकर हटवाये नहीं तो हम सब ग्राम वासियों मौके पर आकार शिकारपुरा स्टैंड पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान में जल संरक्षण के कार्यों को मिली नई गति

# जल संचय जन भागीदारी अभियान 2.0 की प्रगति के संबंध में बैठक

### जिले और शहरी स्थानीय निकाय जल संचयन को दें प्राथमिकता : केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल

- **रेनवॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स के निर्माण, मरम्मत कार्यों को दें गति**
- **वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का द्वितीय चरण होगा 25 मई से शुरू : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने जल संचय जन भागीदारी अभियान 2.0 के अंतर्गत बारिश के पानी की पर्याप्त रिचार्ज कैपेसिटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने राजस्थान के सभी जिलों और शहरी स्थानीय निकायों से पानी बचाने के कामों को अधिक से अधिक प्राथमिकता देते हुए जन भागीदारी सुनिश्चित करने का आ''ान भी किया।

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री मंगलवार को नई दिल्ली से जल संचय-जन भागीदारी-2.0 की प्रगति पर आयोजित वर्चुअल बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश में अभियान के अन्तर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री पाटिल ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में जल संरक्षण की दिशा में की गई पहलों की सराहना करते हुए कहा कि डूंगरपुर जिले में जन सहभागिता के माध्यम से नदी का जल संरक्षण अनुकरणीय पहल है।




### रामजल सेतु लिंक परियोजना राजस्थान के लिए वरदान

पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री के हर गांव, हर खेत में वर्षा जल की एक-एक बूंद को सहेजने के संकल्प से प्रेरित होकर राज्य सरकार प्रदेश को जल संपन्न बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। रामजल सेतु लिंक परियोजना राजस्थान के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र में यमुना का पानी लाने के लिए यमुना जल समझौते की डीपीआर का कार्य भी अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा किशनगढ़ एयरपोर्ट से वर्चुअली बैठक में जुड़े। उन्होंने जल संचय जन भागीदारी अभियान 2.0 में शहरी निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, सिविल सोसाइटीज और आम जन की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि अभियान के अन्तर्गत रेनवॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स के निर्माण और मरम्मत कार्यों को अपेक्षित गति प्रदान करते हुए सभी जिले निर्धारित समय में लक्ष्यों की प्राप्ति करें।

### जल संचय जन भागीदारी अभियान बना जन-आंदोलन

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में जल संरक्षण के महत्वपूर्ण उद्देश्य के क्रम में प्रारंभ किया गया जल संचय जन भागीदारी अभियान एक जन-आंदोलन बन चुका है। इस अभियान से वर्षा के एक-एक बूंद जल को सहेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान ने अभियान में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की। अभियान के प्रथम चरण (1.0) में हमारा प्रदेश तृतीय स्थान पर रहा। बाड़मेर एवं भीलवाड़ा जिलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिन्हें केंद्र सरकार ने सराहा और पुरस्कृत भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी की महत्ता को राजस्थान से बेहतर कोई भी नहीं समझ सकता है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने जल संरक्षण और जल संचयन की दिशा में कर्मभूमि से मातृभूमि और वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान जैसी पहल कर प्रदेशभर में भूजल स्तर में सुधार लाने के साथ ही पारम्परिक जल स्त्रोतों को नया जीवन देने का प्रयास किया है। इन अभियानों के माध्यम से प्रदेशभर में जनचेतना आई है, जिसके आगामी समय में सुखद परिणाम सामने आयेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के द्वितीय चरण की शुरूआत गंगा दशहरा (25 मई) को शुरू करने जा रही है। जो 5 जून को पर्यावरण दिवस तक संचालित होगा।

इस अवसर पर डूंगरपुर और भीलवाड़ा जिला कलेक्टर्स ने जल संचय जन भागीदारी अभियान 2.0 के अन्तर्गत किये गए प्रगतिरत कार्यों पर प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन श्री अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय श्री अखिल अरोरा, नेशनल वाटर मिशन की अतिरिक्त सचिव मिशन डायरेक्टर अर्चना वर्मा, केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के संबंधित अधिकारी सहित जिला कलेक्टर्स, नगर निकाय आयुक्त वीसी के माध्यम से जुड़े।

## संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित, अतिथियों ने किया मार्गदर्शन

**चमकता राजस्थान**

धौलपुर रामदास तरुण। 23 फरवरी 2026 को अनुसूचित जाति एकता परिषद एवं संत गाडगे रजक समाज सेवा समिति धौलपुर के संयुक्त तत्वावधान में संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम सिंह नेताजी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. समरवीर सिकरवार तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक भूपेश गर्ग उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा संत गाडगे महाराज के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात समिति पदाधिकारियों ने अतिथियों का माला, पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मांगीलाल भूतिया, प्रदेश सचिव अजाक, द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. समरवीर सिकरवार ने संत गाडगे महाराज के महान कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सच्चा महापुरुष वही होता है जो अपने निजी स्वार्थ का त्याग कर समाज सेवा में जीवन समर्पित कर दे। उन्होंने कहा कि संत गाडगे ने व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्वच्छता पर विशेष बल दिया, जिसके मार्ग पर आज देश आगे बढ़ रहा है। उपनिदेशक भूपेश गर्ग ने कहा कि संत गाडगे गांव-गांव जाकर सत्संग करते थे और लोगों को अंधविश्वास, नशामुक्ति तथा शिक्षा के प्रति जागरूक करते थे। अन्य वक्ताओं ने भी संत गाडगे महाराज के संघर्षपूर्ण जीवन, स्वच्छता अभियान और समाज सुधार के कार्यों पर प्रकाश डाला। अंत में अध्यक्ष राम सिंह नेताजी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।




## गरिमा परियोजना के तहत दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण, स्वयंसेवियों की नेतृत्व क्षमता विकसित

**चमकता राजस्थान**

**धौलपुर रामदास तरुण।** तुलसी वन रोड स्थित शिवहरे सदन में प्रभात संस्थान द्वारा आवाजें फाउंडेशन, नई दिल्ली के सहयोग से 'गरिमा' परियोजना के अंतर्गत दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद एवं वंचित परिवारों को पहचान दस्तावेज बनवाने तथा विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए ग्रासरूट स्तर पर स्वयंसेवियों की नेतृत्व क्षमता विकसित करना रहा। संस्थान के निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि पहचान पत्र, आवासीय पट्टा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज बनवाने की प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाकर समुदाय के नेतृत्वकर्ताओं को सशक्त किया गया। ब्लॉक समाज कल्याण अधिकारी मुकेश सिंह ने घुमंतू पहचान पत्र, घुमंतू आवास योजना तथा अन्य योजनाओं की ऑनलाइन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग बाड़ी की प्रतिनिधि सरिता ने जननी शिशु सुरक्षा योजना, मां वाउचर योजना तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की अपील की। संदर्भ व्यक्ति रामदास तरुण द्वारा सक्रिय स्वयंसेवियों को संगठित होकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिकाधिक परिवारों को जोड़ने हेतु प्रेरित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान सामाजिक विषयों पर आधारित फिल्म वेलडन अब्बा का प्रदर्शन किया गया, जिस पर प्रतिभागियों ने चर्चा कर जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को समझा। अंत में प्रतिभागियों ने समूहों में प्रत्येक गांव की कार्ययोजना तैयार कर आगामी कार्यों की रूपरेखा तय की। कार्यक्रम में कल्पना सोलंकी, प्रीति कुमारी, ज्ञान देवी एवं राजेश सहित अनेक स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

### उत्साह और उमंग के साथ निकली धमका पांचु गैर

- **धमका पांचु की पांच गैर के साथ होली-धुलण्डी पर निकलेगी माली समाज की ऐतिहासिक मुख्य गैर**



**चमकता राजस्थान/पीपाड़ शहर/मेहराम गहलोत।** पीपाड़ शहर कस्बे में माली समाज की ओर से मालियान आथुणी हथाई से निकलने वाली ऐतिहासिक होली की गैर ''धमका पांचु'' का शुभारंभ उत्साह के साथ हो गया। चंग की थाप, पैरों में घुंघरू, सिर पर रंग-बिरंगे साफे, धोती-कमीज कीं पारम्परिक वेशभूषा और फागण गीतों की मस्ती के साथ गैर का दृश्य पू-री तरह फागणमय नजर आया। गैरीयों ने चंग की थाप पर पारम्परिक फागुनी गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान ''हां रे फागण फरवरियो'', ''होळी आइगी'', ''छैला बाजारां में कांई'', ''मेहंदी वाळो खेत'' ढूढ करावो थारे मोबी बेटा री सहित कई गीतों से माहौल रंगीन हो उठा।

» पांच चरणों में निकलेगी धमका पांचु गैर

आयोजन समिति के रामदिन भलालिया ने बताया कि पांच गैर 22 फरवरी से शुरू हुई, जो 24 फरवरी, 26 फरवरी, 28 फरवरी और 2 मार्च को निकाली जाएगी। गैर का मार्ग आथुणी हथाई से व्यापारी मोहल्ला, सुभाष घाट, मोचीवाड़ा, चौपाटा बाजार, कोट गेट, ईलाजी बाजार होते हुए छीपो के मोहल्ले से सावित्रीबाई फुले माली समाज भवन, पुरानी नगर पालिका रोड होकर पुनः आथुणी हथाई पर समापन होगा।

» होली व धुलण्डी पर निकलेगी मुख्य गैर

माली समाज के अध्यक्ष सुखदेव सैनी ने बताया कि 3 मार्च को होली तथा 4 मार्च को धुलण्डी पर मुख्य गैर आथुणी हथाई, खैरादी मोहल्ला, शहीदों का चौक, व्यापारी मोहल्ला, नगर पालिका रोड होते हुए सब्जी मंडी के पास विसर्जित होगी। आयोजन समिति ने मार्ग में अतिक्रमण हटाने, साफ-सफाई एवं लाइटिंग व्यवस्था के लिए नगर पालिका प्रशासन को अवगत कराया है।

### तलावडा कस्बे के बीचो बीच होकर गुजर रहे स्टेट हाईवे पर नाली निर्माण करवाने व गन्दे पानी व कीचड से निजात के लिए दिया ज्ञापन




**चमकता राजस्थान/(साबिर मोहम्मद) गंगापुर,**सिटी के पास गांव तलावडा कस्बे के बीचो बीच गुजर रहे स्टेट हाईवे मीना पाडा से नारायणपुर टटवाडा स्टेशन रोड जिसे कुछ ही माह पूर्व सार्वजनिक निर्माण विभाग के संवेदक द्वारा बनवाया गया है। लेकिन संवेदक द्वारा पानी निकासी के लिये किसी भी प्रकार की नाली या नाले का निर्माण नही करवाया गया है जिससे कस्बे का पानी सडक पर होकर गुजर रहा है जगह जगह कीचड व गड्डो में तब्दील हो रहा है जिससे आये दिन दुर्घटनाओ जैसी घटनाये घटित होती है। तथा स्कूली बच्चो को आने जाने मे घुटने घुटने पानी व कीचड मे होकर निकलना पडता है जिससे कई तरह की अनहोनी घटना होने का अंदेशा बना हुआ है इस बावत तहसीलदार तलावडा, सहायक अभियंता पी०डब्ल्यूडी के अधिकारियों को कई बार ज्ञापन के माध्यम से,टाइगर युवा टीम के सदस्य युवा नेता पुष्पेंद्र मीणा पाड़ा लोको पायलट मुकेश मीणा युवा नेता बुधराम खटाना एडवोकेट प्यारेलाल मीणा जगदीश गुर्जर,वाड कोटडी पहलाद बाबूजी पवन योगी रतिराम जटवारी रामलखन बैरवा,मुरारी सैन शिवराज नारायणपुर आकाश दिलकश सौरभ कैलाश कुनकटा राजकुमार आदि लोग मौजूद रहे सभी लोगों ने काफी दफा अवगत करा दिया लेकिन विभाग द्वारा किसी प्रकार का कोई रास्ता नही निकाला गया है जिससे कीचड व पानी से राहत मिल सके समय रहते हुए प्रशासन द्वारा पानी निकासी का कोई रास्ता नही निकाला गया तो आम जन को मजबूरन आंदोलन पर उतारू होना पडेगा। जिससे होने वाली सम्पूर्ण क्षति की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी ।

## एसीबीईओ माली ने सादड़ी के विद्यालयों का शाला संबलन के तहत निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

**चमकता राजस्थान**

**जुगलकिशोर बावल/ जीवन्द कला/पाली।** अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी देसू-री विजयसिंह माली ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मीणों का झूंपा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय भागी बावड़ी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मौखाजी बस्ती व राजकीय प्राथमिक विद्यालय नं1राणकपुर रोड व मोडिया बस्ती सादड़ी का शाला संबलन के तहत निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के संस्था प्रधान भंवरलाल जाट ने बताया कि एसीबीईओ माली ने विद्यालय की कक्षाओं,एम डी एम, पुस्तकालय व कार्यपुस्तिकाओं का अवलोकन किया तथा अभिलेखों की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।माली ने विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों से संवाद कर परीक्षा की तैयारियों का फीडबैक लिया व आगामी माह में कक्षा 3के विद्यार्थियों के लिए होने वाले बुनियादी अधिगम अध्ययन की चर्चा कर तैयारी के लिए निर्देश दिए। विद्यालय में स्थापित प्लास्टिक बैंक का अवलोकन कर इसके उपयोग के निर्देश दिए।संस्था प्रधान भंवरलाल जाट ने विश्वास दिलाया कि उनके द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों की पालना की जाएगी। इस अवसर पर सुभिता देवी, आशा नंदवाना समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।इससे पहले माली ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय भागी बावड़ी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मौखाजी बस्ती व राजकीय प्राथमिक विद्यालय रनं1,राणकपुर रोड़ व मोडिया बस्ती सादड़ी का भी शाला संबलन के तहत निरीक्षण कर शिक्षक उपस्थिति व विद्यालय के शैक्षिक सहशैक्षणिक स्तर को जांचा तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर संस्था प्रधान मुकेश चंद मीना , गौतमचंद पालीवाल, प्रभु राम व ताराचंद समेत समस्त संस्था प्रधान व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि शिक्षा अधिकारी विद्यालयों में जाकर शिक्षा संबलन एप के माध्यम से संबलन प्रदान करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विधानसभा सदन में दिखा आत्मीयता एवं सौहार्द का अद्भुत दृश्यः

- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रफीक खान को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं
- सदन के सभी पक्षों के सदस्यों ने मेज थपथपाकर मंगलकामनाओं का समर्थन किया



**चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी) 24 फरवरी।** राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को लोकतांत्रिक परंपराओं, आपसी सम्मान और आत्मीयता का प्रेरक दृश्य देखने को मिला। सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रतिपक्ष के मुख्य सचेतक रफीक खान को उनके जन्मदिन के अवसर पर सदन की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।अध्यक्ष देवनानी ने अपने संबोधन में रफीक खान के सार्वजनिक जीवन की गरिमा, संसदीय परंपराओं के निर्वहन में उनकी सक्रिय भूमिका तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सुदृढ़ता केवल विचारों के मतभेद से नहीं, बल्कि आपसी सम्मान और संवाद की परंपरा से भी सुनिश्चित होती है। रफीक खान ने सदन में अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता, संयम और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ किया है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए प्रेरणादायी है।देवनानी ने कहा कि जन्मदिन जीवन की उपलब्धियों का आत्ममंथन करने और नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का अवसर होता है। उन्होंने रफीक खान के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफल जनसेवा जीवन की मंगलकामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में भी प्रदेश की जनता के हितों के लिए इसी समर्पण भाव से कार्य करते रहेंगे।इस अवसर पर सदन के सभी पक्षों के सदस्यों ने मेज थपथपाकर शुभकामनाओं का समर्थन किया, जिससे सदन का वातावरणआत्मीयता और सौहार्द से भर उठा। राजनीतिक मतभेदों के बीच यह क्षण लोकतांत्रिक मर्यादाओं, पारस्परिक सम्मान और सकारात्मक राजनीतिक संस्कृति का प्रतीक बनकर उभरा।यह अवसर न केवल एक जनप्रतिनिधि के जन्मदिन का उत्सव था, बल्कि लोकतंत्र की उस स्वस्थ परंपरा का भी उदाहरण बना, जहां विचारों की भिन्नता के बावजूद सम्मान और सद्भाव सर्वोपरि रहता है।

### राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी से वसुंधरा राजे की शिष्टाचार भेंट

- प्रदेश के समसामयिक विषयों पर सकारात्मक संवादःलोकतांत्रिक मर्यादाओं पर जोर



**चमकता राजस्थान/जयपुर !(खलील कुरैशी) 24 फरवरी।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मंगलवार को विधानसभा भवन में शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान प्रदेश से जुड़े विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर सकारात्मक और सार्थक चर्चा हुई।पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने विधानसभा की गरिमा, संसदीय मूल्यों तथालोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ बनाए रखने में अध्यक्ष की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहाँ जनता की भावनाओं और अपेक्षाओं को प्रभावी अभिव्यक्ति मिलती है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती ही सुशासन की आधारशिला है।विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास, सुशासन और जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर संवाद लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर प्रदेश की प्रगति और आमजन के हितों की रक्षा के लिए कार्य करें।यह भेंट लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रति प्रतिबद्धता और संवाद की संस्कृति को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

स्वस्थ मूल्यों, राष्ट्रबोध और इतिहास चेतना के प्रसार में मीडिया की अहम भूमिका

# जनहित और राष्ट्रहित से जुड़ी हो पत्रकारिता : राज्यपाल हरिभाऊ बागडे

## फर्स्ट इंडिया व ओटीटी के द्वितीय स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल का संबोधन

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 24 फरवरी।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र की जड़ों को सींचने वाला सशक्त माध्यम है, जो समाज को न केवल संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करता है, बल्कि नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति भी प्रेरित करता है। यही कारण है कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। उन्होंने पत्रकारिता के स्वस्थ, निष्पक्ष और मूल्यनिष्ठ स्वरूप को बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।फर्स्ट इंडिया एवं उसके ओटीटी प्लेटफॉर्म के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि समाचारों का प्रसारण और प्रकाशन सदैव जनहित और राष्ट्रहित से जुड़ा होना चाहिए।





मीडिया की जिम्मेदारी केवल घटनाओं की सूचना देना भर नहीं है, बल्कि समाज को सही दिशा देना, सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करना भी है।

### नई पीढ़ी को इतिहास से जोड़ने का आह्वान

राज्यपाल बागडे ने मीडिया से आह्वान किया कि वह नई पीढ़ी को भारत के प्राचीन और गौरवशाली इतिहास से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने बप्पा रावल का उल्लेख करते हुए उन्हें महान योद्धा बताया, जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि रावलपिंडी का नाम भी बप्पा रावल के नाम पर पड़ा, जो भारतीय इतिहास की गौरवगाथा का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि इतिहास और हमारी लुप्त होती ज्ञान परंपराओं को सहेजना और उनका व्यापक प्रचार-प्रसार करना समय की आवश्यकता है, ताकि समाज अपनी जड़ों से जुड़ा रहे और राष्ट्रीय चेतना सुदृढ़ हो।

### मीडिया की विकास यात्रा और बढ़ती जिम्मेदारी

राज्यपाल ने देश में दूरदर्शन की स्थापना से लेकर आज के डिजिटल और ओटीटी युग तक मीडिया के विकास की यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति ने सूचना के प्रसार को तीव्र और व्यापक बनाया है, ऐसे में मीडिया की जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है कि वह तथ्यों की सत्यता, संतुलन और मर्यादा का पालन करे।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा के बीच पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों–सत्य, निष्पक्षता और समाजहित–को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### राष्ट्रबोध और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार पर जोर

राज्यपाल ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' तथा राष्ट्रबोध से जुड़ी जानकारियों को अधिकाधिक पाठकों और दर्शकों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता शाश्वत और सार्वकालिक है, जिसकी जड़ें गहरी और मूल्य समृद्ध हैं। मीडिया को चाहिए कि वह इन मूल्यों को सशक्त रूप से प्रस्तुत कर समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे।अपने संबोधन के अंत में उन्होंने पुनः दोहराया कि पत्रकारिता यदि स्वस्थ मूल्यों, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलती है, तो वह लोकतंत्र को मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभा सकती है।

## मेवाड़ में हाईटेक ठगों पर सर्जिकल स्ट्राइक

# अमेरिकी नागरिकों को एप्पल रिफंड के नाम पर ठगने वाले अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़

### उदयपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 12 आरोपी गिरफ्तार, लाखों डॉलर की ठगी का अंदेशा

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 24 फरवरी।** उदयपुर जिला पुलिस ने तकनीक के जरिए विदेशी नागरिकों को निशाना बनाने वाले एक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में गोगुन्दा थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (ऊ्रळ) ने संयुक्त कार्रवाई कर गोगुन्दा क्षेत्र के एक होटल में संचालित अवैध कॉल सेंटर पर छापा मारकर एक युवती सहित 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

#### होटल में चल रहा था फर्जी कॉल सेंटर

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ''सनसेट एडवेंचर'' कंपनी के नाम पर न्यू मेवाड़ काठियावाड़ी होटल (कुमावतों का गुड़ा) में संदिग्ध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस ने देर रात दबिश दी। मौके पर इंटरनेट कॉलिंग सिस्टम, लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जरिए विदेशी नागरिकों से ठगी की जा रही थी।

#### एप्पल कंपनी का कर्मचारी बनकर ठगी

जांच में सामने आया कि गिरोह का सरगना शाहरुख मंसूरी (अहमदाबाद निवासी) है। आरोपी अमेरिकी नागरिकों का डेटा हासिल कर खुद को एप्पल कंपनी का प्रतिनिधि बताकर संपर्क करते थे। उन्हें बताया जाता था कि उनके खरीदे गए प्रोडक्ट पर अतिरिक्त शुल्क लग गया है। इसके बाद ''रिफंड'' के नाम पर फर्जी लिंक भेजकर डॉलर में रकम ऐंठ ली जाती थी।पहचान छुपाने के लिए आरोपी ॠऊ ऐप और ळऋछ (टोल फ्री नंबर) का इस्तेमाल करते थे, जिससे कॉल विदेशी नंबर से प्रतीत होती थी।

#### कई राज्यों तक फैला नेटवर्क

गिरफ्तार आरोपियों में गुजरात, राजस्थान, नागालैंड, मेघालय और असम के युवक-युवतियां शामिल हैं। प्रमुख आरोपियों में चेतन सिंह, करण कुमार, मिलन, प्रवीण कुमार, आलोक अचुमि, जुसवा, दीपक थापा, शेमलाद, सुरेश, अनुशा और रोमियो स्टेन शामिल हैं।भारी मात्रा में उपकरण बरामद पुलिस ने मौके से 4 लैपटॉप, 14 मोबाइल फोन, 2 वाहन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज और दस्तावेज जब्त किए हैं।

#### जांच जारी, डॉलर में ठगी का आकलन

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गिरोह ने अब तक कितने अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाया और कितने लाख डॉलर की ठगी की गई। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपियों को विदेशी नागरिकों का डेटा किस स्त्रोत से प्राप्त हुआ।इस कार्रवाई को गोगुन्दा थानाधिकारी श्याम सिंह, उप-निरीक्षक हितेश कुमार और डीएसटी प्रभारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में अंजाम दिया गया।उदयपुर पुलिस की यह कार्रवाई साइबर अपराध के खिलाफ सख्त संदेश मानी जा रही है, जिसमें तकनीक के दुरुपयोग पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए राजस्थान पुलिस की विशेष मानवीय पहल

# खाटूश्यामजी फाल्गुनी लक्खी मेले में सेवा, सुरक्षा और संवेदनशीलता की मिसाल





चमकता राजस्थान

**जयपुर/सीकर!(खलील कुरैशी) 24 फरवरी।** विश्वप्रसिद्ध खाटूश्यामजी फाल्गुनी लक्खी मेले में उमड़ रही लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच राजस्थान पुलिस ने उत्कृष्ट प्रबंधन और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी श्रद्धालु–विशेषकर दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक–बाबा श्याम के दर्शन से वंचित न रहे।

#### दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था

सीकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि पार्किंग स्थल से मंदिर दर्शन केंद्र तक दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष वाहन की व्यवस्था की गई है। दर्शन स्थल पर व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर पुलिसकर्मी स्वयं उन्हें सम्मानपूर्वक और सुरक्षित रूप से मंदिर तक पहुंचा रहे हैं।पिछले चार दिनों में दर्जनों दिव्यांग श्रद्धालुओं को इस सुविधा का लाभ मिला है, जिससे पुलिस की सेवा भावना की व्यापक सराहना हो रही है संवेदनशील व्यवहार के स्पष्ट निर्देशएसपी नूनावत ने कहा कि खाटूश्यामजी धाम आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु पुलिस के लिए परिवार का सदस्य है। दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों की सेवा केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि आस्था और मानवीय दायित्व है। मेले की विशालता को देखते हुए पुलिस बल को संयमित, सौम्य और सहयोगात्मक व्यवहार के निर्देश दिए गए हैं, ताकि व्यवस्था के साथ आत्मीयता भी बनी रहे।

#### सहायता केंद्र और त्वरित मार्गदर्शन

पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव के अनुसार, मेले क्षेत्र में निर्धारित दूरी पर पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को मार्ग की जानकारी आसानी से मिल सके। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर श्रद्धालु तुरंत निकटतम सहायता केंद्र से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

#### 24 घंटे उपलब्ध आपातकालीन सेवाएं

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं पुलिस हेल्पलाइनः 112 पुलिस सहायताः 9667600788 एम्बुलेंस सेवाः 108आस्था के साथ सेवा का संदेश फाल्गुनी लक्खी मेले में जहां भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण है, वहीं राजस्थान पुलिस की सक्रियता, समर्पण और संवेदनशीलता श्रद्धालुओं में विश्वास का संचार कर रही है। भीड़ के इस विशाल आयोजन में दिव्यांग श्रद्धालुओं को सहज और सम्मानजनक दर्शन उपलब्ध कराना प्रशासनिक दक्षता के साथ मानवीय मूल्यों की भी सशक्त अभिव्यक्ति है।

आगामी निकाय एवं पंचायत चुनावों को लेकर बनी व्यापक रणनीति

# एआईएमआईएम राजस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने अपने राष्ट्रीय मुखिया असदुद्दीन ओवैसी से की खुसूसी मुलाकात

## संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन और स्थानीय मुद्दों पर हुआ विस्तृत मंथन

चमकता राजस्थान

**जयपुर/हैदराबाद( खलील कुरैशी)।** राजस्थान में प्रस्तावित निकाय एवं पंचायत चुनावों को देखते हुए एआईएमआईएम ने अपनी राजनीतिक सक्रियता तेज कर दी है। इसी क्रम में राजस्थान एआईएमआईएम के प्रमुख जमील खान और लुकमान खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने हैदराबाद स्थित पार्टी मुख्यालय 'दारुल सलाम' में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी से खुसूसी मुलाकात की।यह बैठक आगामी स्थानीय निकाय एवं पंचायत चुनावों की रूपरेखा तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक मजबूती, संभावित चुनावी क्षेत्रों तथा जमीनी मुद्दों पर विस्तृत प्रस्तुति दी।



### संगठन सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर

बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, सक्रिय कार्यकर्ताओं की पहचान कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपने तथा युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष चर्चा हुई। ओवैसी ने निर्देश दिए कि पंचायत से लेकर नगर निकाय तक संगठन की प्रभावी और सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

### स्थानीय मुद्दों को बनाएंगे चुनावी आधार

प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में अल्पसंख्यक, पिछड़े, दलित एवं वंचित वर्गों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की रणनीति पर बल दिया। बताया गया कि पार्टी स्थानीय समस्याओं–जैसे पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और रोजगार को चुनावी एजेंडा बनाएगी।

### जनसंपर्क अभियान होगा तेज

सूत्रों के अनुसार, बैठक में आगामी दिनों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने, सामाजिक संवाद कार्यक्रम आयोजित करने तथा पंचायत स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलनों के आयोजन पर सहमति बनी। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि जमीनी स्तर पर निरंतर संवाद और सक्रियता ही चुनावी सफलता की कुंजी होगी।

### प्रदेश राजनीति में प्रभावी उपस्थिति का लक्ष्य

राजस्थान एआईएमआईएम नेतृत्व का कहना है कि पार्टी इस बार स्थानीय चुनावों में संगठित और योजनाबद्ध तरीके से मैदान में उतरेगी। उद्देश्य केवल चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि प्रदेश की राजनीति में एक सशक्त और वैकल्पिक आवाज के रूप में अपनी पहचान स्थापित करना है।इस महत्वपूर्ण बैठक को राजस्थान में एआईएमआईएम की आगामी चुनावी रणनीति की औपचारिक शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है, जिससे प्रदेश की स्थानीय राजनीति में नए समीकरण बनने की संभावनाएं भी व्यक्त की जा रही हैं।

### तीर्थराज पुष्कर में तीन दिवसीय हनुमंत कथा सम्पन्न

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की सहभागिता, पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का किया अभिनंदन



**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)।** तीर्थराज पुष्कर में आयोजित तीन दिवसीय हनुमंत कथा में मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सहभागिता कर बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का अभिनंदन किया।इस दौरान अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, तेलंगाना प्रभारी चन्द्र शेखर, अनेक विधायक आदि मुख्यमंत्री ने श्रद्धापूर्वक कथा श्रवण करते हुए कहा कि पुष्कर की पावन धरा पर इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजन सनातन संस्कृति की ज्योति को प्रज्ज्वलित करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि ऐसे आयोजन युवाओं के मन में भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपराओं और जीवन मूल्यों के प्रति गहरी समझ विकसित करते हैं।उन्होंने कहा कि हनुमंत कथा जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में नैतिक मूल्यों, राष्ट्रभावना और सांस्कृतिक गौरव को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## संक्षिप्त समाचार

## जयपुर में अवैध पशु डेयरियों पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

- 250 गौवंश जब्त कर हिंगोनिया गौशाला भेजे गए, कई क्षेत्रों में चला अभियान



**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)।** नगर निगम जयपुर के आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार शहर में संचालित अवैध पशु डेयरियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया। पशु प्रबंधन शाखा की उपायुक्त अनिता के नेतृत्व में डॉ. हरेन्द्र सिंह एवं उनकी टीम ने व्यापक कार्रवाई करते हुए 250 गौवंश को अवरुद्ध कर हिंगोनिया गौशाला भिजवाया।यह अभियान विद्याधर नगर, सुंदर नगर, अंबाबाड़ी और किशनबाग क्षेत्रों में चलाया गया, जहां लंबे समय से अवैध रूप से डेयरियां संचालित होने की शिकायतें मिल रही थीं। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर पशुओं को कब्जे में लिया और डेयरी संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की।

- **विरोध के बीच चली कार्रवाई**

कार्रवाई के दौरान शहरभर में अवैध पशु डेयरियां संचालित करने वाले लोगों द्वारा विरोध भी किया गया और अभियान को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भट्टा बस्ती एवं विद्याधर नगर थाना अधिकारियों के साथ नगर निगम की सतर्कता शाखा की टीम मौके पर तैनात रही। पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान देर रात तक जारी रहा।

- **पूर्व में भी हो चुकी है कार्रवाई**

उल्लेखनीय है कि इन अवैध डेयरियों को पूर्व में उपायुक्त (हवा महल जोन) द्वारा चौगान स्टेडियम क्षेत्र में ध्वस्त किया जा चुका था। इसके बावजूद पुनः विभिन्न आवासीय क्षेत्रों में डेयरियां संचालित की जा रही थीं, जिस पर निगम प्रशासन ने दोबारा सख्त रुख अपनाया है।नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर की स्वच्छता, यातायात व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अवैध पशु डेयरियों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अवैध गतिविधियों की सूचना निगम को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## एसीबी की बड़ी कार्रवाई: एक दिन में दो ट्रैप, भ्रष्टाचार पर सख्त प्रहार

- एसीबी ने राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरों टॉलरेंस निति अपनाकर उठायें निरंतर कठोर कदम
- एसीबी भविष्य में भी अपनी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करती रहेगी



**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 24 फरवरी 2026।** राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) राजस्थान ने मंगलवार को दो अलग-अलग जिलों में सफल ट्रैप कार्रवाई कर दोअधिकारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।अलवर जिले के पटवार हल्का खोहरी (तहसील बानसूर,जिलाकोटपूतली-बहरोड़) में पटवारी अतुल कुमार यादव को 15,000 रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया। वह भूमि इंतकाल खोलने और राजस्व रिकार्ड में अंकन हटाने के बदले रिश्वत मांग रहा था।वहीं सवाईमाधोपुर में ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) जगदीश प्रसाद मीणा को 1 लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि उन्होंने बीपीएम कर्मियों के बिल पास करने और सेवा से कार्यमुक्त न करने के एवज में रिश्वत मांगी थी।एसीबी ने पिछली तिमाही में कुल 111 प्रकरण दर्ज कर 149 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 68 ट्रैप, 19 रिश्वत मांग, 8 आय से अधिक संपत्ति तथा 16 पद के दुरुपयोग के मामले शामिल हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, पंचायती राज, नगर निगम, परिवहन, स्वास्थ्य विभाग और जल जीवन मिशन सहित कई विभागों में प्रभावी कार्रवाई की गई।हाल के महीनों में परिवहन विभाग में 11 ठिकानों पर सर्च, झालावाड़ में अधीक्षण अभियंता की गिरफ्तारी, पंचायतीराज विभाग में आय से अधिक संपत्ति की कार्रवाई, नगर निगम जयपुर में 4 लाख की रिश्वत प्रकरण, जल जीवन मिशन में 9 वरिष्ठ अधिकारियों की गिरफ्तारी तथा भीलवाड़ा व अजमेर में बड़े ट्रैप जैसे मामलों ने एसीबी की सक्रियता को स्पष्ट किया है।एसीबी की लगातार और निर्णायक कार्रवाइयों से स्पष्ट है कि राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध कठोर कदम निरंतर जारी रहेंगे तथा पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।



### कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने करेड़ा बुजुर्ग में कायम करी सामाजिक समरसता की मिसाल

# नफरत को मोहब्बत से जवाबः एमडी चौपदार

### सर्व समाज की भागीदारी से कंबल व खजूर वितरण, सौहार्द और भाईचारे का सशक्त संदेश

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** निवाई विधानसभा क्षेत्र के करेड़ा बुजुर्ग गांव में सामाजिक एकता, सद्भाव और समरसता की प्रेरक पहल देखने को मिली। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एम डी चौपदार के निर्देशन में प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की टीम ने सर्व समाज को कंबल और खूजूर भेंट कर पूर्व में गांव में घटी एक विवादित घटना के बाद उत्पन्न सामाजिक तनाव के वातावरण को सकारात्मक दिशा दिया गौरतलब है कि कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की टीम ने निःस्वार्थ भाव से सामाजिक उद्देश्य से यहां पहुंचकर सर्व समाज की जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित किए। हालांकि स्वास्थ्य कारणों के कारण चैयरमैन एम.डी. चौपदार स्वयं उपस्थित नहीं हो पाने के बावजूद उनके मार्गदर्शन में युवा साथियों ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया। विशेष रूप से पवित्र रमजान माह के अवसर पर खजूर के पैकेट वितरित कर आपसी प्रेम, सम्मान और साझी संस्कृति का संदेश दिया गया।



- **युवा शक्ति की सक्रिय भूमिका**

इस अवसर पर सिराज अहमद खान, अमीर शेखावाटी, डॉ. नरेंद्र बौद्ध, अमर मंडावरा, राजन अजीतसरिया, इमरान राईन, सुरेंद्र सामोता, इश्तियाक कुरैशी, भारत लाखीवाल, लखन मीणा, इरशाद खान, भरत सिंह, जुनेद, समीर खान, मनीष सैनी सहित टोंक जिला कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के जिलाध्यक्ष बरकत हसीन एवं अन्य साथियों की सक्रिय भागीदारी रही।

- **समरसता का संदेश दूर तक**

यह आयोजन केवल सहायता वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक समरसता, आपसी विश्वास और साझा सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने का प्रतीक बन गया। स्पष्ट संदेश दिया गया कि राजस्थान ही नहीं, पूरे देश में इंसानियत, भाईचारा और संविधान सर्वोपरि हैं – और इन्हीं मूल्यों के साथ समाज को आगे बढ़ाया जाएगा।

- **राजनीति का उद्देश्य जोड़ना, न कि तोड़ना**

कार्यक्रम के दौरान यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि समाज को बांटने वाली सोच का जवाब नफरत से नहीं, बल्कि प्रेम और संवाद से दिया जाना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती आपसी विश्वास, समानता और संवैधानिक मूल्यों के सम्मान में निहित है।उन्होंने दोहराया कि राजनीति का मूल उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहयोग और सम्मान पहुंचाना होना चाहिए। सामाजिक समरसता ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है और इसे बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

- **संविधान और इंसानियत के मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प**

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि संविधान, सामाजिक न्याय और मानवता के मूल्यों पर चलते हुए हर प्रकार के अन्याय का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दिया जाएगा। ''नफरत को मोहब्बत से जीतेंगे'' के संदेश को व्यवहार में उतारते हुए यह पहल की गई, जो सामाजिक सौहार्द की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

- **ग्रामवासियों का सहयोग और सहभागिता**

करेड़ा बुजुर्ग के ग्रामवासियों ने कार्यक्रम का स्वागत करते हुए सामूहिक भागीदारी निभाई। महिलाओं और बुजुर्गों ने इसे सामाजिक भाईचारे को सुदृढ़ करने वाली पहल बताया। आयोजकों ने ग्रामीणों के स्नेह, विश्वास और समर्थन को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताते हुए भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक कार्य जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

### खाटूश्यामजी मेले में चिकित्सा विभाग की सख्त कार्रवाई

## 502 किलो दाल सीज, 175 किलो दूषित खाद्य सामग्री नष्ट

### 16 खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच के लिए जयपुर प्रयोगशाला भेजे

चमकता राजस्थान

**जयपुर/सीकर। (खलील कुरैशी)** खाटूश्यामजी मेले में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को व्यापक कार्रवाई की। मिलावट और दूषित खाद्य सामग्री पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से विभागीय टीम ने 502 किलोग्राम दाल को सीज किया, जबकि करीब 175 किलोग्राम दूषित खाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवाया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के निर्देशन में मेले के दौरान खाद्य पदार्थों की लगातार जांच की जा रही है। कार्रवाई के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी महमूद अली, फूल सिंह बाजिया, सुरेश कुमार शर्मा एवं नन्द राम मीणा की टीम ने श्रीश्याम मेगा मार्ट पर दाल में मिलावट की आशंका के चलते 502 किलो दाल सीज कर उसके दो सैंपल जांच के लिए लिए।



- **विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई**

सुनील कुल्फी भंडार एवं अशोक कुल्फी भंडार से करीब 65 किलो मावा रबड़ी व कुल्फी नष्ट करवाई गई श्रीश्याम राजस्थानी भोजनालय से धनिया पाउडर का सैंपल लिया गया तथा अवधि पार 30 किलो दाल और 6 बोतल लाल मिर्च सॉस नष्ट की गई कान्हा रेस्टोरेंट से दाल व दही के सैंपल लेकर 35 किलो दूषित सब्जी एवं ग्रेवी नष्ट करवाई गई।लखदातारभोजनालय से 40 किलो गेहूं का आटा दूषित होने की आशंका पर नष्ट करवाया गया।इसके अतिरिक्त मेला परिसर की अन्य दुकानों से मावा मिठाई, बेसन बूंदी लड्डू, गोंद के लड्डू, कलाकंद सहित कुल 16 खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए हैं। सभी सैंपलों को खाद्य जन प्रयोगशाला, जयपुर भेजा गया है।

- **स्वास्थ्य सुरक्षा सर्वोपरि**

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मेले में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मिलावटखोरों एवं नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## राज्यपाल से लैक्रोज खिलाड़ियों की शिष्टाचार भेंट

- खेल प्रोत्साहन हेतु वित्तीय सहयोग पर जताया आभार
- लैक्रोज को राज्य खेल में शामिल करने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश



**चमकता राजस्थान/जयपुर( खलील कुरैशी)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि लैक्रोज जैसे उभरते खेलों को राज्य स्तर पर सशक्त पहचान दिलाने के लिए ठोस और सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने लैक्रोज को राज्य खेल में सम्मिलित करने तथा जनजातीय विभाग के अंतर्गत इस खेल के प्रोत्साहन हेतु विशेष प्रावधान सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए।मंगलवार को लोकभवन में लैक्रोज खिलाड़ियों ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान खिलाड़ियों ने राज्यपाल द्वारा विवेकाधीन कोटे से प्रदान की जा रही वित्तीय सहायता के लिए आभार व्यक्त किया और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल में मिल रही उपलब्धियों की जानकारी दी।

- **ओलंपिक 2028 पर नजर, अभी से हो सुदृढ़ तैयारी**

राज्यपाल बागडे ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वर्ष 2028 के ओलंपिक में भारत को लैक्रोज में पदक दिलाने का लक्ष्य अभी से निर्धारित किया जाना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, निरंतर अभ्यास, चपलता और एकाग्रता को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए जीत के संकल्प के साथ मैदान में उतरने का आ''ान किया उन्होंने यह भी कहा कि खेल के साथ-साथ शिक्षा को समान महत्व देना आवश्यक है, जिससे खिलाड़ी सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें।

- **अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा**

राज्यपाल ने अप्रैल में चीन में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान टीम द्वारा स्वर्ण पदक अर्जित करने सहित खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए इसे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण बताया।इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव कुंजीलाल मीणा, राज्यपाल के सचिव डॉ.पृथ्वी, खेल संघ अध्यक्ष अशोक परनामी, प्रज्ञा के वलरमानी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।राज्यपाल की पहल से प्रदेश में लैक्रोज को नई दिशा और प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर और अधिक अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरी नगर निगम टीम

### जयपुर आयुक्तालय की वार्ड स्तर पर सख्त मॉनिटरिंग, आमजन से फीडबैक

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 24 फरवरी।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में टॉपझ्र3 में स्थान प्राप्त करने के उद्देश्य से नगर निगम ने निगरानी व्यवस्था सख्त कर दी है। मंगलवार को 150 वार्डों में नियुक्त वार्ड डक्क अधिकारियों ने सुबह फील्ड में उतरकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति एवं वर्दी, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरा पात्रों की स्थिति, ओपन डिपो, सी एंड डी वेस्ट, नाले-नालियों की जालियां, सार्वजनिक शौचालय (CT/PT), पार्क एवं पर्यटन स्थलों की साफ-सफाई की जांच की गई। अवैध बैनर-पोस्टर हटाने और निर्माणाधीन भवनों पर हरे पर्दे लगाने के निर्देश भी दिए गए।अधिकारियों ने आमजन से फीडबैक लेकर स्वच्छता बनाए रखने की अपील की तथा आवश्यकतानुसार कैरिंग चार्ज भी वसूला। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि तकनीक, प्रभावी मॉनिटरिंग और जनभागीदारी के माध्यम से ही शहर को स्वच्छता में अग्रणी बनाया जा सकता।



### जयपुर विकास प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई

# जगतपुरा में अवैध मैरिज गार्डन सील, रोड सीमा व सुविधा क्षेत्र की भूमि पर था निर्माण

### महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी के उचित प्रबंधन और सटीक निर्देशन में दिया गया प्रभावी कार्रवाई को अंज़ाम

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 24 फरवरी।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए जोन-09 क्षेत्र में एक मैरिज गार्डन को पुख्ता रूप से सील कर दिया। यह कार्रवाई जगतपुरा स्थित एस.के.आई.टी. कॉलेज के पास नर्सिंग विहार में भूखण्ड संख्या 15 से 32 तक की भूमि पर की गई, जहां बिना एकीकरण कराए और जेडीए की पूर्व अनुमति/स्वीकृति के अवैध रूप से मैरिज गार्डन का निर्माण कर लिया गया था।



- **रोड सीमा और सुविधा क्षेत्र की भूमि पर अतिक्रमण**

जांच में सामने आया कि संबंधित निर्माणकर्ता ने न केवल बिना स्वीकृति निर्माण कराया, बल्कि रोड सीमा एवं सुविधा क्षेत्र की भूमि को भी कवर करते हुए अतिक्रमण किया। यह शहरी नियोजन नियमों का गंभीर उल्लंघन पाया गया।महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी ने बताया कि अवैध निर्माण के संबंध में जेडीए एक्ट की धारा 72 के तहत नोटिस जारी कर निर्माणकर्ता को निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद जब अवैध निर्माण नहीं हटाया गया, तब सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त कर सख्त कार्रवाई की गई।

- **गेटों पर ताला, सील चपड़ी लगाकर की पुख्ता सीलिंग**

प्रवर्तन दस्ते ने इंजीनियरिंग शाखा के सहयोग से मैरिज गार्डन के प्रवेश द्वारों पर ताले लगाकर और सील चपड़ी चस्पा कर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्रवाई की। इससे परिसर में किसी भी प्रकार की गतिविधि पर रोक लग गई है।

- **संयुक्त टीम ने दिया अंजाम**

यह कार्रवाई उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम एवं तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-09, 12, 13, 14, प्राधिकरण के उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड तथा जोन में पदस्थापित राजस्व एवं तकनीकी स्टाफ की निशानदेही में संपादित की गई।

- **अवैध निर्माणों पर जेडीए का सख्त संदेश**

जेडीए की इस कार्रवाई को शहर में बढ़ते अवैध निर्माणों के खिलाफ कड़ा संदेश माना जा रहा है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति निर्माण, अतिक्रमण एवं नियमन की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## प्रशिक्षण सतत प्रक्रिया, राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ता की भूमिका अहम : मदन राठौड़

# वैचारिक प्रतिबद्धता के चलते विशाल वटवृक्ष बना भाजपा : भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान







**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने वाला दल है, जहां राष्ट्र के बाद दल और फिर व्यक्ति का स्थान आता है। वे भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है और यही उसकी वैचारिक शक्ति का आधार है। एक विचार को लेकर चलने वाला यह राजनीतिक दल आज देशभर में वटवृक्ष के रूप में स्थापित हो चुका है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता में दायित्व बोध से व्यक्तित्व निर्माण होता है और व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण को बल मिलता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ की स्थापना राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से हुई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों के विचारों से प्रेरित यह विचारधारा आगे बढ़ी। आपातकाल के बाद 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई और आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का आ''ान करते हुए कहा कि अधिकारों से अधिक कर्तव्य बोध आवश्यक है। भाजपा राजनीतिक कार्यों के साथ सामाजिक दायित्वों को भी प्राथमिकता देती है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि केंद्र और राज्य सरकारें सदैव जनहित में कार्य करती रहेंगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। बूथ से राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त पाथेय को जिला, मंडल और बूथ स्तर तक पहुंचाना सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है।

अभियान के राष्ट्रीय सह-संयोजक एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि 7 मार्च से 15 अप्रैल तक देशभर में प्रशिक्षण महाभियान चलाया जाएगा। प्रदेश स्तर के बाद जिला, मंडल एवं बूथ स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित होंगी। साथ ही मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग, जनप्रतिनिधि, मीडिया और सोशल मीडिया स्तर पर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पार्टी की वैचारिक प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना, कार्य पद्धति में सिद्धांत आधारित आचरण विकसित करना, पार्टी के इतिहास और विकास की जानकारी देना, सक्षम कार्यकर्ताओं का निर्माण करना तथा राष्ट्रीय चुनौतियों और नैरेटिव के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यशाला में विधायक अजय महावर, प्रदेश महामंत्री मिथिलेश गौतम एवं अभियान की प्रदेश सह-संयोजक संतोष अहलावत सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बीकानेर में नाबालिग के दुष्कर्म और हत्या को लेकर सेन समाज में आक्रोश न्याय की मांग



**चमकता राजस्थान/डग-24फरवरी(कुन्दन व्यास)।** बीकानेर जिले के रणजीतपुरा गांव में 8 वी बोर्ड की परीक्षा देकर आ रही 13 वर्षीय छात्रा वसुंधरा सैन के साथ दुष्कर्म कर निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना से आक्रोशित सेन समाज डग ने राष्ट्रीय नाई महासभा डग के तत्वावधान में घटना को लेकर तहसील दार को ज्ञापन दिया। बीकानेर में समाज ने दो दिन से धरना प्रदर्शन शुरू किया है,जिसमें पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की जा रही है।समाज ने अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग एवं फास्टट्रैक कोर्ट में मुकदमा मुकदमा चलाकर दोषियों को फांसी दिए जाने की मांग की एवं पीड़िता के परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए। पीड़िता के परिवार में एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए और डेयरी बूथ आवंटित किया जाए।सेन समाज के समाज जन बड़ी संख्या में एकत्रित हुए जिसमें समाज के अध्यक्ष दिनेश परमार, राजेन्द्र कुमार अध्यापक,सुधीर परमार, गणेश लाल, गोविन्द लाल, किशोर परिहार, दुर्गाशंकर, मुकेश देवड़ा, अनिल देवड़ा, गोविंदा देवड़ा, मुकेश परिहार, लोकेश सेन, नितिन सेन, महेश सेन, एवं अन्य कई समाजजन उपस्थित रहे।

### कामां विधानसभा के तीनों मंडलों की संयुक्त बैठक सम्पन्न

● 28 फरवरी को अजमेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में अधिकतम भागीदारी का आह्वान



**चमकता राजस्थान/ मनोज खत्री/जिला ब्यूरो चीफ डीग/कामां।** कामां विधानसभा क्षेत्र के कैथवाड़ा, गोपालगढ़ एवं पहाड़ी मंडलों की संयुक्त बैठक मंगलवार को श्री पूरन सिंह सोनी जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विधानसभा प्रभारी श्री जगत सिंह जी तथा सह प्रभारी श्री मनजीत सिंह गुलाटी जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रदेश युवा मोर्चा उपाध्यक्ष श्री विपुल गोपालगढ़ जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक में आगामी 28 फरवरी को अजमेर में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर चर्चा की गई। सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया।इस अवसर पर तीनों मंडलों के अध्यक्षों को कार्यकर्ताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में कैथवाड़ा मंडल अध्यक्ष श्री मोहन श्याम जी, गोपालगढ़ मंडल अध्यक्ष श्री राजेश सोनी जी एवं पहाड़ी मंडल अध्यक्ष श्री बच्चू सिंह छाबड़ी जी उपस्थित रहे।साथ ही शक्ति सिंह (मंडल महामंत्री, कैथवाड़ा), टेक चंद शर्मा जी (मंडल महामंत्री, कैथवाड़ा) सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बाड़मेर : सेड़वा में आज सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**चमकता राजस्थान/रामाराम पावड़ ओगाला/सेड़वा/बाड़मेर।** चमकता राजस्थान। राजस्थान राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड बाड़मेर (आरआरवीपीएनएल) के सहायक अभियंता (क्लस्टर) कार्यालय, सेड़वा द्वारा जारी सूचना के अनुसार बुधवार, 25 फरवरी 2026 को 132 केवी जीएसएस सेड़वा में 33 केवी मेन बस के रख-रखाव संबंधी आवश्यक कार्य किए जाएंगे। इस कारण 132 केवी जीएसएस सेड़वा से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडरों की विद्युत आपूर्ति सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक पूर्णतः बंद रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए सहयोग की अपील की है। विद्युत विभाग ने बताया कि कार्य निर्धारित समय में पूरा करने का प्रयास रहेगा, ताकि आमजन को न्यूनतम परेशानी हो।

## दलित महिला सुमित्रा मेघवाल को रा .उ.मा.वि.सागासनी,प.स.लूणी में विकास एवं विधालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष निर्विरोध मनोनीत करने पर smc सदस्यों ने बधाई दी और खुशी का माहौल।

चमकता राजस्थान



**राजूराम मेघवाल/ब्यूरो चीफ़ जोधपुर।** आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सागासनी के प्रांगण में ग्रामीण व अभिभावक ने २ू की बैठक ली। जिसमें २ू अध्यक्ष पद पर सुमित्रा मेघवाल को निर्विरोध मनोनीत होने पर सभी सम्मानित सदस्यों व अभिभावकों और ग्रामीणो ने मेघवाल को बधाईयां दी और विधालय में विकास कार्य हेतु सहयोग करने की आर्शीवाद दिया। इसी प्रकार सहयोग के रूप में प्रेमाराम बाबल विधायक प्रतिनिधि सदस्य, के व्दारा विधालय के गेट व आंगनबाड़ी केंद्र के ग्राउंड में साफ सफाई जेसीबी से करने की घोषणा की।इसी के साथ एक हजार रूपये की घोषणा इकबाल खां भूतपूर्व, कांग्रेस युवा नेता साकूरखा, सलीम खा पूर्व २ू अध्यक्ष,जनाब हबीब खां,राजू भाई सागासनी भूतपूर्व अध्यक्ष रज़ाक खा विधायक प्रतिनिधि सदस्य ने भी,दो हजार रूपए हिराराम बाबल विश्नोई ने स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र में साफ सफाई व छोटी रिपेयरिंग करवाने हेतु भेंट करने की घोषणा की।इन सभी सम्मानित भामाशाहों ने तत्काल ही राशि भेंट कर कार्य शुरू किया जाएगा। अन्त में नवनिर्वाचित रटउ अध्यक्ष सुमित्रा मेघवाल ने सभी सम्मानित सदस्यों व अभिभावकों और स्कूल के स्टाफ व भामाशाहों का धन्यवाद ज्ञापित किया और विश्वास दिलाया कि विधालय में विकास हेतु जरूरत के अनुसार कार्य करने में कदम पीछे नहीं रखूंगी।

### ग्रामीण रूटों पर रोडवेज का ब्रेक,

● पीपाड़ - बोरुंदा - मेड़ता के यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें।



**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) द्वारा जोधपुर से पीपाड़, बोरुंदा और मेड़ता मार्ग पर बस सेवाएं अचानक बंद किए जाने से ग्रामीण अंचलों में परिवहन व्यवस्था चरमरा गई है। वर्षों से संचालित इन रूटों पर बसों का संचालन ठप होने से आमजन, विद्यार्थी और कामकाजी लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग मजबूरन महंगे निजी साधनों का सहारा ले रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पीपाड़ क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ने वाली छात्राओं को सुबह-शाम घंटों बसों का इंतजार करना पड़ता है। कई बार बसें निर्धारित समय पर नहीं पहुंचतीं या सेवा पूरी तरह बंद रहती है। बोर्ड परीक्षाओं के दौरान भी छात्रों को आवागमन में गंभीर दिक्कतें उठानी पड़ीं। बोरुंदा से बिलाड़ा रूट पर तो पिछले एक वर्ष से अधिक समय से बस सेवा बंद है। पहले इस मार्ग पर प्रतिदिन तीन फेरे लगाए जाते थे, लेकिन अब सेवा पूरी तरह बंद होने से ग्रामीणों, सरकारी कर्मचारियों और मजदूरों के लिए शाम को गांव लौटना चुनौती बन गया है। बोरुंदा, पटेल नगर, हरियाढाणा और रणसीगांव जैसे क्षेत्रों से बिलाड़ा तहसील मुख्यालय तक पहुंचना कठिन हो गया है। बस सेवाओं में कटौती से यात्रियों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ा है। निजी बस संचालक और कार चालक मनमाना किराया वसूल रहे हैं, जिससे सुरक्षा और शोषण की आशंका भी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि परिवहन बाधित होने से शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला बुजुर्ग चौकीदार का शव

● परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

**चमकता राजस्थान/बिल्सी/बदायूं।** थाना क्षेत्र के बिल्सी मुजरिया मार्ग पर खेत में बने फार्महाउस के अंदर 65 वर्षीय बुजुर्ग चौकीदार का शव खून से लथपथ संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की जांच में जुट गई है।



थाना बिल्सी क्षेत्र के कस्वा निवासी नरेश कुमार का खेत बिल्सी मुजरिया रोड पर है यहां पर एक फार्म हाउस बना हुआ है जहां भैंस,गाय आदि पालन जाती है यहां पर सुरेंद्र 65 वर्षीय चौकीदारी की नौकरी करते थे और उन्हें नौकरी करते हुए करीब 20 से 25 साल हो गई थी जब नरेश कुमार प्रतिदिन की तरह मंगलवार सुबह 7:00 बजे फार्म हाउस पर पहुंचे तो उन्होंने जब दरवाजे पर आवाज लगाई जब कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने दरवाजे में जाकर देखा कि अंदर चौकीदार सुरेंद्र सिंह का शव खून में लथपथ जमीन पर पड़ा हुआ है उन्होंने इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रोते-बिलखते हुए घटना स्थल पर पहुंचे और जिन्होंने चौकीदार की मौत को लेकर किसी अनहोनी की आशंका जताई है। मृतक सुरेंद्र के भतीजे ने बताया कि उनके चाचा सुरेंद्र 20-25 साल से यहां पर चौकीदारी का काम कर रहे थे और यह प्रतिदिन की तरह शाम 4:00 बजे आते थे और दिन के 12 बजे घर पहुंच जाया करते थे। मृतक के एक बेटा,दो बेटियां है जिसमें बेटे की मृत्यु पहले हो चुकी है और वह यहां पर चौकीदारी कर अपना पालन पोषण कर रहे थे सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले के हर पहलू पर जांच कर रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया




**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष), राजकीय आयुर्वेद औषधालय धनेरिया (ब्यावर) में आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को औषधीय पौधों के चिकित्सीय गुणों के बारे में जानकारी दी गई तथा उनके रोपण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सामान्य बीमारियों में घरेलू आयुर्वेदिक उपचारों के उपयोग, ऋतुचर्या के पालन, तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता, स्वस्थ जीवनशैली के अभ्यास, तथा तंबाकू मुक्त जीवन के प्रति भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से आयुर्वेद पद्धति को अपनाने और दैनिक जीवन में इसके उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. नेहा चौधरी, कंपाउंडर राजेन्द्र कुमार, परिचारक राजेन्द्र कुमार वैष्णव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने आयुर्वेद को बढ़ावा देने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक: चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर जोर



**चमकता राजस्थान/राकिब खान/डीग।** जिले में आमजन को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को पंचायत समिति सभागार डीग में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल की अध्यक्षता में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की सघन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं, राष्ट्रीय कार्यक्रमों और आधारभूत चिकित्सा सेवाओं के जमीनी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय सिंघल ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं और विभागीय कार्यक्रमों की प्रगति का विधिवत ब्यौरा प्रस्तुत किया। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने जिले के स्वास्थ्य सूचकांकों की गहन समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से नियमित टीकाकरण अभियान, संस्थागत प्रसव एवं मिसिंग डिलीवरी ट्रैकिंग, टीबी मुक्त भारत अभियान और गर्भवती महिलाओं को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य एवं पोषण सुविधाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायतों पर हुई कार्रवाई अनेक स्थानों पर अतिक्रमण हटाते हुए जुर्माना भी वसूला

चमकता राजस्थान




**अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आज नगर निगम ने त्वरित कारवाई की। अनेक स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया और जुर्माना वसूला गया। मिशन कम्पाउण्ड में दुकानों के बाहर नाला कवर कर अवैध रुप से किये गए सीढ़ियों के निर्माण को भी तुड़वाया गया और चेतावनी दी गयी कि यदि दोबारा निर्माण किया गया तो निर्माण को ध्वस्त करते हुए कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री पोर्टल तथा जनसुनवाई में आयी शिकायतों पर नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज निगम के प्रवर्तन दल ने अनेक स्थानों पर कार्रवाई की। पोर्टल पर शिकायत की गयी थी कि अग्रसेन चौक पर नगर निगम की एक दुकान को किरायेदार ने दो हिस्सों में विभक्त कर दूसरी को किराये पर दे दिया है। इस पर प्रवर्तन दल ने दो दिन में दुकान के भीतर बनायी गयी दीवार हटाने तथा दुकान के कागज निगम में जमा कराने के निर्देश दिए और एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कचहरी की ओर कोर्ट रोड पुल उतरते ही दायी ओर एक दुकानदार द्वारा सड़क पर पुतले और बोर्ड रखने की शिकायत भी पोर्टल पर की गयी थी। जिस पर प्रवर्तन दल ने अतिक्रमण हटवाते हुए दो हजार रुपये जुर्माना लगाया। गत सप्ताह भी उक्त दुकानदार का अतिक्रमण हटवाया गया था। इसके अलावा आईजीआरएस शिकायत पर ही कार्रवाई करते हुए ब्रजेश नगर पुल के नीचे एक दर्जन से ज्यादा दुकानों का अतिक्रमण हटवाया गया। एक व्यक्ति द्वारा सड़क पर टीन शेड डालकर दुकान बना ली गयी थी, उस दुकान को भी हटवाया गया और 12 सौ रुपये जुर्माना लगाया गया। जनसुनवाई में आयी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए दिल्ली रोड शक्ति पैट्रोल पंप के सामने से सड़क पर रखा गया एक खोखा भी हटवाया गया। इसके अलावा मिशन कम्पाउण्ड में आठ दुकानों के सामने नाला कवर कर सड़क पर बनायी गयी सीढ़ियों को आज निर्माण विभाग की शिकायत पर तुड़वाया गया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व हरिप्रकाश कसाना सहित प्रवर्तन दल के जवान मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929